**श्री श्यामलाल सर्राफ :** क्या इस सम्मेलन में उपवाद क्षेत्र से लेकर उसे मैदानी स्थान—जहां कि नदियां मैदानों में उतर आती है—तक को भाग के लिये योजनाएं तैयार की गई हैं; यदि हां, तो वे क्या है ?

**डा० कु० ल० राव :** वास्तव में, यदि आप विवरण को देखें तो पता लगेगा कि इस प्रश्न का सम्बन्ध उस सम्मेलन से है जो कि श्रीनगर में हुई थी और जो केवल मंत्रियों की समिति की बैठक थी; वास्तव में यह बाढ़ नियंत्रण पर सम्मेलन नहीं था । केन्द्रीय बोर्ड बाढ़ नियंत्रण ने, गत 10 वर्षों में किये गये कार्य की समीक्षा करने और यह पता लगाने के लिये कि आगे क्या कार्यवाही करनी है, विभिन्न राज्यों के मंत्रियों की एक समिति का गठन किया है। यह विशेष निर्देश पद की केवल एक किस्म है और इसके अनुसरण में यह समिति बैठी है ; वास्तव में यह बाढ़ नियंत्रण पर सम्मेलन नहीं है।

**श्री हेम बरुआ :** क्या यह सच नहीं है कि माननीय मंत्री को उनके आसाम राज्य के दौरे में यह सुझाया गया था कि बारक और ब्रह्मपुत्र दोनों नदियां राज्य के लिये खेद का विषय हैं और उन्हें नियंत्रित किया जाना चाहिये; यदि हां, तो जब कि गत 17 वर्षों में चीन, रूस, अमरीका को कितने ही प्रतिनिधि मण्डल बाढ़ नियंत्रण की तकनीक सीखने के लिये भेजे गये हैं, फिर ऐसा क्यों है कि सरकार इस देश में बाढ़ नियंत्रण के लिये कोई उपाय नहीं कर सकी है जब कि ये बाढ़ लगभग प्रति वर्ष आती हैं और जन धन की हानि होती है ?

**अध्यक्ष महोदय :** बाढ़ अन्त में आई है।

**श्री हेम बरुआ :** आसाम में बाढ़ प्रति वर्ष आती है और हम बरबाद होते रहते हैं ।

**डा० कु० ल० राव :** सरकार की यह दिल्ली इच्छा है कि ब्रह्मपुत्र और बारक नदियों की बाढ़ से विशषत: आसाम की घाटी में जो हानि होती है उसको रोकने के लिये उपाय किये जायें; परन्तु इसमें कुछ कठिनाइयां हैं । ब्रह्मपुत्र नदी को नियंत्रित करना सब से कठिन कार्य है । वास्तव में, इस नदी को काबू में करने का कोई हल नहीं दिखाई दे रहा है। बारक नदी को नियंत्रित करने के लिये हम उस पर एक जलाशय बनाना चाहते हैं, परन्तु इस पर बहुत लागत आयगी और, इसलिये, हम इस कार्य के लिये किसी सस्ती परियोजना की तलाश में हैं ।

**श्री हरि विष्णु कामत :** श्रीमन्, मेरा एक औचित्य का प्रश्न है। मंत्री जी होशियारी से इस प्रश्न को टाल गये हैं जो कि यह था कि अब तक चीन, रूस और अमरीका को जो असंख्य प्रतिनिधि मण्डल गये हैं उन्होंने क्या किया है? क्या उन्होंने कुछ सीखा है या हमारा पैसा ही व्यर्थ किया है ? प्रश्न का असली आशय यह है ।

**अध्यक्ष महोदय :** इसमें औचित्य का प्रश्न क्या है ?

**श्री हरि विष्णु कामत :** मंत्री को पूरा उत्तर देना चाहिये। इसके बारे में नियम है ।

**अध्यक्ष महोदय :** सदस्य को उत्तर के लिये कहना चाहिये था।

**श्री हरि विष्णु कामत :** मंत्री का उत्तर गोल मोल था ।

**डा० कु० ल० राव :** विभिन्न इंजीनियरी अध्ययनों के लिये विदेशों को जो प्रतिनिधिमण्डल गये हैं व बहुत मूल्यवान जानकारी लाये हैं जिन्हें हम भारत की विभिन्न नदियों के लिये बाढ़ नियन्त्रण योजनाएं तैयार करने के लिये प्रयोग में ला रहे हैं । जैसा कि मैंने बताया ब्रह्मपुत्र को काबू में करना कोई सरल कार्य नहीं है । हम ने इस बारे में कुछ विदेशी इंजीनियरों से भी परामर्श किया है । हम ब्रह्मपुत्र की समस्या का समाधान नहीं कर सके हैं । मैं स्पष्ट रूप से बता देना चाहता हूं कि ब्रह्मपुत्र को नियंत्रित करना एक बहुत कठिन परियोजना है । जो कुछ भी कार्य हम कर रहे हैं उसे सुचारु रूप से करने का प्रयत्न करते हैं । इस वर्ष जो कार्य किया गया है, उदाहरणार्थ, नौगोंग पर बांध, उससे बहुत लाभ

पहुंचा है। नौगोंग बाढ़ से बिलकुल मुक्त है। कटाव की समस्या नदी की सब से बड़ी समस्या है इसके लिये इस समय हम अपना भरसक प्रत्यत्न कर रहे हैं।

**गैर योजना व्यय**

\+

*95. श्री जगदेव सिंह सिद्धांती :
श्री पें० वेंकटासुब्बया :
श्री प्रकाशवीर शास्त्री :
श्री यशपाल सिंह :
श्री मोहन स्वरूप :
श्री प्र० चं० बरुआ :
श्री द्वारकादास मंत्री :
श्री सोलंकी :
श्री दाजी :
श्री कोल्ला वेंकैया :
श्री पं० शा० देशमुख :
श्री विभूति मिश्र :
श्री क० ना० तिवारी :
श्री बासप्पा :
श्री राम सहाय पाण्डेय :
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री गोकुलानन्द महन्ती :
श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :
श्री जसवन्त मेहता :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने गैर-योजना व्यय को कम करने का निर्णय किया है; और

(ख) क्या इस व्यय को कम करने के लिये राज्य सरकारों को कोई सलाह दी गई है और उन की प्रतिक्रियायें क्या हैं ?

**योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत):** (क) जी हां, हाल ही में की गई जांच के परिणामस्वरूप 1964–65 के खर्च के लिये बजट में रखी गई रकम में कुल लगभग 70 करोड़ रुपये की कमी किये जाने की सम्भावना है।

(ख) पिछले जून महीने में मुख्य मंत्रियों के सम्मेलन में इस सम्बन्ध में अपील की गई थी। योजना आयोग भी इस बात की जांच कर रहा है कि राज्यों के खर्च में कमी करने की कितनी गुंजाइंश है और आयोग जल्दी ही इस विषय में राज्य सरकारों को लिखने वाला है।

**Shri Jagdev Singh Siddhanti :** Do the Government undertake non-planned items of work ? What are those items of work which Government are doing in a planned way ?

**Shri B. R Bhagat :** It is an a side question.

**Shri Jagdev Singh Siddhanti :** How can it be so ? There the words are non-planned. This is the heading of the question and such how can it be treated as a separate question.

**Mr. Speaker:** Presumably he means non-planned expenditure. He wants to know the items coming under non-planned expenditure.

**Shri B. R. Bhagat :** The definition of non-planned expenditure is clear now. The items which are under planned expenditure this year will come under non-planned expenditure next year. For example, the school opened this year comes under planned expenditure, but next year the expenditure on teachers and maintenance will come under non-planned expenditure.

**Shri Hukam Chand Kachhavaiya :** The amount that will be saved every year on account of cut made in the plan ?

**Shri B.R. Bhagat :** As I said just now, it will entail a serving of about Rs. 20 crores.

**Shri Yashpal Singh :** Increase in the strength of Ministries of various states is being noticed for many years. Have Government ever pondered over it that it is a non-planned expenditure should be done away with and, if so, the steps taken so far ?

**Shri B. R. Bhagat :** It may be non-planned but it is all the same necessary.

**श्री दाजी :** क्या यह सच है कि एक 70 करोड़ रुपये का मद यह है कि सरकार ने उस विधेयक को लाने का निर्णय किया है जिस में संसद् सदस्यों के लिये बढ़े हुए वेतनों और भत्तों का अपबन्ध है ?

**श्री ब० रा० भगत :** यह व्यय अभी बजट में शामिल नहीं किया गया है ।

**श्री दाजी :** मेरा प्रश्न यह था कि क्या सरकार खर्च में कमी करने के लिये ऐसा कर रही है । मैं 'हां' या 'ना' में उत्तर चाहता हूं ।

**श्री ब० रा० भगत :** इस विषय पर इस सभा द्वारा अभी निर्णय किया जाना है ।

**श्री रघुनाथ सिंह :** हम ने पहले ही इस पर निर्णय कर लिया है ।

**श्री हरि विष्णु कामत :** यह दूसरे सदन में लम्बित है ।

**डा० प० शा० देशमुख :** क्या यह गैर योजना बद्ध व्यय और धीरे धीरे बढ़ता जा रहा है और इस में किस प्रकार के मद शामिल हैं ?

**अध्यक्ष महोदय :** प्रश्न के दूसरे भाग का उत्तर दे दिया गया है । प्रश्न के पहले भाग का उत्तर भी दिया जा सकता है, अर्थात्, क्या इस में लगातार वृद्धि हो रही है, ।

**श्री ब० रा० भगत :** योजनाओं की क्रियान्विति में जब प्रतिवर्ष विकास सम्बन्धी व्यय में वृद्धि होती है तो योज । के अतिरिक्त कार्यों सम्ब धी व्यय में वृद्धि होना अनिवार्य है । किन्तु योजना के अतिरिक्त कार्यों पर कम से कम व्यय करने का प्रयत्न किया जाता है । वर्तमान मामले में भी जो

व्यय में 70 करोड़ रुपये की कटौती करने का निश्चय किया है, उसमें अधिकतम व्यय की कटौती योजना के अतिरिक्त कार्यों पर होने वाले व्यय में की गई है ।

**डा० सरोजिनी महिषी :** वर्ष 1963–64 में राज्यों में योजना के अतिरिक्त कार्यों पर औसत कितनी राशि व्यय हुई और व्यय में कमी करने के लिये की गई अपील के प्रति राज्यों की क्या प्रतिक्रिया है ?

**श्री ब० रा० भगत :** योजना आयोग इस संबंध में राज्यों से बातचीत कर रहा है ।

**श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा :** दो महीने पहले वित्त मंत्री महोदय ने वक्तव्य दिया था कि भारत सरकार के योजना के अतिरिक्त कार्यों पर होने वाले व्यय में 70 करोड़ रुपये की कमी होनी चाहिये। वित्त मंत्रालय को विभिन्न मंत्रालयों द्वारा व्यय में कमी करने सम्बन्धी कितने विशिष्ट प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और उन्होंने कितनी कटौती करने का संकेत दिया है ।

**श्री ब० रा० भगत :** व्यय में मितव्ययता का प्रस्ताव सम्बन्धित विशेष विभागों से मंत्रणा कर के किया गया है ।

**श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा :** मेरा प्रश्न भिन्न है । वित्त मंत्री महोदय को वक्तव्य दिये हुए दो महीने हो गये हैं । क्या व्यय में कमी करने सम्बन्धी कोई विशिष्ट प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं । लगभग चार या पांच महीने के बाद सभा के सामने बजट-प्रस्ताव रखे जायेंगे । मैं जानना चाहती हूं कि विभिन्न मंत्रालयों ने व्यय में वास्तव में कितनी कटौती की है, और क्या वित्त मंत्रालय को इसका कोई संकेत मिला है ?

**श्री ब० रा० भगत :** गत दो महीनों के प्रयत्नों परिणामस्वरूप ही व्यय में 70 करोड़ रूपये की कटौती करने का निश्चय किया गया है ।

**श्री भगवत झा आज़ाद :** इस 70 करोड़ रुपये की कटौती में मंत्रालय के आदेश के परिणाम स्वरूप कितनी तदर्थ कटौती की जायेगी तथा प्रशासनिक अतिरिक्त व्यय में योजनाबद्ध रूप से कितनी कमी की जायेगी ?

**श्री ब० रा० भगत :** यह कटौती तदर्थ आधार पर नहीं अपितु सुनियोजित ढंग से की गई है । वित्त मंत्री महोदय ने स्वयं यह कहा है कि कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि रोकी जायेगी अपितु वे विकास कार्य भी बन्द किये जायेंगे जिनका विकास तत्काल आवश्यक नहीं है और जिन में कटौती करने से उत्पादन कम न हो । योजना के अतिरिक्त कार्यों में कटौती करने के मामले पर बहुत ध्यानपूर्वक विचार किया गया है ।

**श्री प्र० र० चक्रवर्ती :** क्या सरकार ने इस प्रश्न पर विचार किया है कि इस कटौती के परिणाम स्वरूप किसी अत्याधिक लाभकारी कार्यक्रम का प्रतिकूल प्रभाव तो नहीं पड़ेगा, यदि हां, तो सरकार इस कटौती से प्रत्यक्ष रूप में होने वाली राष्ट्रीय हानि को किस प्रकार पूरा करेगी ?

**श्री ब० रा० भगत :** इस बात का ध्यान रखा गया है कि योजनाबद्ध विकास सम्बन्धी किसी अत्यावश्यक योजना पर होने वाले व्यय में कटौती न की जाये।

**श्री शिवाजी राव शं० देशमुख :** भारी उद्योग सम्बन्धी कार्यक्रमों पर होने वाले व्यय में कितनी कटौती की गयी है ?

**श्री ब० रा० भगत** : मुझे जानकारी नहीं है। किन्तु मैं कह सकता हूं कि लोहा, इस्पात और खान तथा धातु सम्बन्धी विभागों पर होने वाले व्यय में भी कुछ कटौती करने का प्रस्ताव है।

**श्री शिवाजी राव शं० देशमुख** : कुछ "कटौती" कहकर मेरे प्रश्न का स्पष्ट उत्तर नहीं दिया गया है।

**अध्यक्ष महोदय** : मंत्री महोदय के पास आंकड़े नहीं हैं, अन्यथा वे उन्हें बता देते।

**Shri Onkar Lal Berwa :** How will the curtailment in the expenditure of Rs. 70 crores be shared by the States and the Centre ?

**Shri B. R. Bhagat :** The total cut will exceed Rs. 70 crores and it is a saving of the Centre.

**Mr. Speaker :** The States will have a separate Saving. This is only Central Government's saving.

**श्री स० मो० बनर्जी** : क्या इस 70 करोड़ रुपये की कटौती में मंत्रियों के पानी बिजली तथा फर्नीचर पर होने वाले व्यय में की गई कोई कटौती भी शामिल है ?

**श्री ब० रा० भगत** : जहां तक मंत्रियों का सम्बन्ध है उनके व्यय की उच्चतम सीमा पहले ही निर्धारित की गई है।

**अध्यक्ष महोदय** : क्या इसे कटौती में शामिल किया गया है।

**श्री ब० रा० भगत** : मेरे पास इस सम्बन्ध में जानकारी नहीं है।

**Shri Sarjoo Pandey :** May I know whether there has been any cut in the amount which was payable to the Uttar Pradesh Government by the Centre according to the recommendations of Patel Commission ?

**Shri B. R. Bhagat:** There has been no cut in the aid given to the States by the Centre.

**Shri K.N. Tiwari :** The hon. Minister has stated that there will be no cut in the expenditure which might affect the production. At the same time, in a reply given to another question has also stated that there has been some cut in iron and steel industry. Will it not effect the production ?

**Shri B. R. Bhagat :** Iron and Steel production will not decrease.

**अध्यक्ष महोदय** : श्री क० ना० तिवारी।

**श्री द्वा० ना० तिवारी** उठे—

**अध्यक्ष महोदय** : मैं ने श्री क० ना० तिवारी का नाम लिया है।

**श्री द्वा० ना० तिवारी** उठे—

**अध्यक्ष महोदय** : अगला प्रश्न।

**नागार्जुनसागर बांध स्थल पर विस्फोट**

\+

*96. श्री स० मो० बनर्जी :
श्री राम हरख यादव :
श्री विश्वनाथ पांडेय :
श्रीमती सावित्री निगम :
श्री प्र० चं० बरूआ :
श्री सोलंकी :
श्री यशपाल सिंह :
श्री नर सिम्हा रेड्डी :
श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :
श्री श्यामलाल सर्राफ :

क्या सिंचाई और विद्युत् मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनका ध्यान 18 जुलाई को नागार्जुन सागर बांध स्थल पर हुए विस्फोट, जिसकी वजह से 13 व्यक्तियों की मृत्यु हुई और 5 को चोटें लगीं, के समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या कोई जांच की गई है ; और

(ग) जांच के क्या निष्कर्ष हैं ?

**सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० कु० ल० राव) :** (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 3057/64 ।]

**श्री स० मो० बनर्जी :** विवरण से पता चलता है कि यह दुर्घटना 18-7-64 को हुई । विवरण सभा पटल पर आज रखा गया है । क्या जांच पूरी हो गई है, और यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला है ?

**डा० कु० ल० राव :** जांच राज्य सरकार द्वारा की जा रही है। नवीनतम जानकारी जो उन्होंने दी है वह यह है कि मामला अभी भी विचाराधीन है ।

**श्री स० मो० बनर्जी :** क्या केन्द्रीय स्तर पर कोई विभागीय जांच की है गई थी ? यदि हां, तो क्या उस में परिवार सदस्यों को मुआवजा देने की सिफारिश की गई है ?

**डा० कु० ल० राव :** केन्द्र ने कोई विभागीय जांच नहीं की है । यह कार्य राज्य का है । जरूरी मुआवजा भी राज्य सरकार द्वारा ही दिया जाता है क्योंकि यह राज्य परियोजना है ।

**श्रीमती सावित्री निगम :** क्या कार्य के संबंध में अपने कर्त्तव्यों का पालन करते हुए पर्यवेक्षक से यह आशा की जा सकती है कि वह इन विस्फोटक पदार्थों को अपने घर में रखे ।

**डा० कु० ल० राव** वास्तव में इस मामले में जो कुछ हुआ वह इस प्रकार है । नगरजुना-सागर परियोजना के डूबे हुए क्षेत्रों से बहुत सारे लोगों को निकाला गया था । इन लोगों

के पुनर्वास के लिये उन्होंने कुछ ऐसे क्षेत्र चुने हैं जहां कि चट्टानों में कुएं खोदने पड़े । इस पर्यवेक्षक को इन कुओं के खोदने का कार्य सौंपा गया था । इन कुंओं को खोदने के लिये फरवरी में उसने स्फोट पदार्थ लिये थे ।

लेखों से पता चलता है कि अगले महीने में उसने यह सब सामग्री कुएं खोदने के लिए ठेकेदार को दे दी थी । अतः यह पता नहीं चल रहा है कि यह सामग्री इस दुर्भाग्य पर्यवेक्षक के घर में किस प्रकार आई कि उस गरीब को जीवन से हाथ धोने पड़े ।

**Shri Yashpal Singh :** What action is being taken against the officers in whose duty hours this accident took place?

**डा० कु० ल० राव :** जैसा कि मैंने निवेदन किया है कि इस विस्फोटक के लिये यदि कोई अधिकारी जिम्मेदार है तो वह वही अधिकारी है जो मारा गया गया । अपने मकान में किसी विस्फोटक सामग्री को रखना उसका कार्य नहीं था ।

**Shri Yashpal Singh :** He has not understood my point.

**Mr. Speaker :** He has understood, but the person against whom action had to be taken is dead.

**Shri Yashpal Singh :** I mean to say have they called the explanation of the police guards etc. posted on duty there ?

**Mr. Speaker :** Was police kept in that house ?

**डा० कु० ल० राव :** मामले पर जांच की जा रही है । यदि कोई अन्य व्यक्ति दोषी पाया जायेगा तो निश्चय ही उसके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी ।

**श्री नम्बियार :** माननीय मंत्री द्वारा दिये गये उत्तर को ध्यान में रखते हुए कि इस अधिकारी को घर में विस्फोटक सामग्री रखने की कोई आवश्यकता नहीं थी, क्या सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिये कि अन्य अधिकारियों ने खातों और पर्यवेक्षकों से छिपा कर विस्फोटक और अन्य सामग्री तो घर में नहीं रखी है, कोई जांच की है ?

**अध्यक्ष महोदय :** यदि सदस्य के पास कोई जानकारी है तो वह दे दें ।

**श्री नम्बियार :** जी, नहीं । नागारजूना सागर कोई छोटी परियोजना नहीं है जहां पर कि कुछ ही टन विस्फोटक की आवश्यकता हो । वहां पर तो कई टन विस्फोटक की आवश्यकता होगी, और ऐसी घटना फिर भी हो सकती है ।

**अध्यक्ष महोदय :** माननीय सदस्य चेतावनी दे रहे हैं । मंत्री इसका ध्यान रखें ।

**श्री हेम बरूआ :** इस प्रकार की एक घटना आसाम में भी हुई थी । कुछ अधिकारियों द्वारा विस्फोटक चोरी किये गये थे और बाजार में बेचे गये थे ।

**अध्यक्ष महोदय :** सदस्य इसके बारे में जानने के बड़े इच्छुक हैं ।

**डा० कु० ल० राव :** सतर्कता विभाग को इस मामले पर सावधान कर दिया गया है, और यह घटना फिर से न होने पाये इसके लिये सभी संभव प्रयत्न किये जा रहे हैं ।

**श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :** इस दुखद् घटना को देखते हुए, क्या सरकार ने संबंधित अधिकारियों को निश्चित हिदायतें जारी कर दी हैं जिस से कि ऐसी घटनाओं को भविष्य में रोका जा सके ?

**डा० कु० ल० राव :** जैसाकि मैं पहले निवेदन कर चुका हूं अ। इस बात का यह पूरा ख्याल रखा जाता है कि जब पर्यवेक्षक या किसी विशेष अधिकारी को सामग्री दी जाये तो वह ठेकेदारों द्वारा उसी दिन या अगले कुछ दिनों में प्रयोग में लाई जाये। खैर, कुछ भी सही, अधिकारियों को अपने घरों में विस्फोटक सामग्री रखने की आज्ञा नहीं है ।

**श्री श्याम लाल सर्राफ :** इस प्रकार की घटनाओं से कमचारीवर्ग और अन्य व्यक्तियों के जीवन को भी खतरा नहीं होता अपितु इन महत्वपूर्ण राष्ट्रीय परियोजनाओं को भी खतरा बन जाता है । यह सुनिश्चित करने के लिये कि वहां पर मजदूरों का जीवन और परियोजनाएं सुरक्षित हैं सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

**डा० कु० ल० राव :** मैं विश्वास दिलाता हूं कि इस प्रकार की कुरीति यदि पहले से थी तो अब इसका पूरा ख्याल रखा जायगा और सतर्कता विभाग को इन्हें होने देने से रोकना चाहिये। ऐसी घटनाएं प्राय: हुआ करती हैं, और मैं नहीं जानता कि इस मामले में यह कैसी हो गई ।

**Shri Sheo Narain :** What amount of assistance has been given to the bereft families of thirteen persons ?

**डा० कु० ल० राव :** सरकार निश्चय ही उनको मुआवजा देगी।

**Shri Hukam Chand Kachhavaiya :** The Minister said that they have been given compensation by the State Government. Will the central Government also give some assistance and, if so, by what time will it be made able to them ?

**डा० कु० ल० राव :** परियोजना अधिकारियों द्वारा उन परिवारों को तुरन्त सहायता दी गई थी, और परिवारों का जो मुआवजा बनता है वह या तो राज्य द्वारा इस समय तक दिया जा चुका होगा या दे दिया जायेगा।

**केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों की 'काली सूची' बनाना**

+

*97. **श्री विश्राम प्रसाद :**
**श्री म० ला० द्विवेदी :**
**श्रीमती सावित्री निगम :**
**श्री स० चं० सामन्त :**
**श्री सुबोध हंसदा :**
**श्री सोलंकी :**
**श्री नरसिम्हा रेड्डी :**
**डा० सारादीश राय :**
**डा० रानेन सेन :**
**श्री दीनन भट्टाचार्य :**
**श्री हुक्म चन्द कछवाय :**
**श्री ओंकार लाल बरवा :**

**क्या निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के कई ठेकेदारों को "काली सूची" में दर्ज किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो उस प्रकार के कितने ठेकेदार हैं; और

(ग) उनके नाम 'काली सूची' में दर्ज करने के क्या कारण थे ?

निर्माण और आवास मंत्री (श्री मेहर चन्द खन्ना) : (क) हां।

(ख) 30 अप्रैल, 1964 को काली सूची में दर्ज किये गये ठेकेदारों की संख्या 23 थी।

(ग) नीचे स्तर का काम करने और दुराचार आदि में फंसे होने के कारण इन ठेकेदारों का नाम खाली सूची में दर्ज किया गया था।

**Shri Vishram Prasad :** Just now Minister said that the contractors indulged in malpractices. What are those malpractices which warranted their blacklisting ?

**Shri Mehr Chand Khanna :** Supplying inferior goods, giving bribes, doing substandard work—all these things take place. I do not know personally.

**Shri Vishram Prasad :** Is there any such case in which the contractor was blacklisted, because he did not give bribe to the engineer ?

**Shri Mehr Chand Khanna:** I do not know much about it but I can say this much that each case is examined carefully and every endeavour is made for putting down corruption both in my Department and among the contractors. I am trying my best to achieve this objective.

**Shri M. L. Dwivedi :** The Minister alleged that the blacklisted contractors used to give bribes. Is it a fact that engineers take 19 percent as bribes and it is for this reason that the work is of substandard ? Has an enquiry been held against any engineer or overseer and has any one of them been punished ?

**Shri Mehr Chand Khanna :** I may assure the hon. Member and the House that for the last five or six months strong efforts are being made in this direction and one S.P. has also been deputed for this work. Some action is being taken against the contractors and the Department.

**Shri M. L. Dwivedi :** My point is, are you taking any action against the Government servants in a way similar to that in which contractors have been blacklisted ?

**Mr. Speaker :** He says enquiries will be held.

**श्रीमती सावित्री निगम :** इन ठेकेदारों को जो भुगतान किया जाना था वह कर दिया गया है या उसे रोक लिया गया है; यदि उत्तर नकारात्मक हो तो उनको कितनी रकम देनी बाकी है ।

**श्री मेहर चन्द खन्ना :** यह कहना सही नहीं है कि प्रत्येक ब्लैक लिस्टेड ठेकेदार से अधिक पैसा लिया। संहिता में अनेक अपराध दिये गये हैं। संहिता के अनुसार ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही की जाती है और ठेकेदारों और विभाग दोनों में भ्रष्टाचार के उन्मूलन की हर मुमकिन कोशिश की जा रही है।

---

## प्रश्नों के लिखित उत्तर
## WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

### मैसर्स स्कोडा (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड

*98. **श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी :** क्या वित्त मंत्री 2 अप्रैल, 1964 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1794 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या एक पूर्व यूरोपीय फर्म मैसर्स स्कोडा (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, के विरुद्ध जांच पड़ताल इस बीच पूरी हो चुकी है ;

(ख) यदि हां, तो जांच पड़ताल से क्या पता चलता है; और

(ग) उस जांच पड़ताल के परिणामस्वरूप उस फर्म के विरुद्ध सरकार ने क्या कदम उठाये हैं।

**योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत)** : (क) कुछ सौदों के बारे में जांच पड़ताल पूरी हो चुकी है और कुछ के बारे में अभी चल रही है।

(ख) और (ग) अब तक जितनी जांच-पड़ताल हो चुकी है उसके आधार पर, (1) माल का अनधिकृत रूप से आयात करने, (2) आयात किये गये माल के बीजक कम रकम के बनाने, (3) कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेजों में कुछ गलत बातें दर्ज करने, (4) अन्य पार्टियों के नाम जारी किये गये आयात-लाइसेंसों का उपयोग करने के लिए इस कम्पनी को, दिये गये अधिकार-पत्रों द्वारा प्राप्त अधिकारों का दुरुपयोग करने, और (5) अपने विदेशी तकनीशनों के "व्यक्तिगत सामान" के नाम पर माल का अनधिकृत रूप से आयात करने पर, कम्पनी को "कारण बताओ" (शो काज़) नोटिस जारी किये गये हैं।

इस बीच एक मामले का फैसला किया जा चुका है, जिसके परिणामस्वरूप 30,000 रुपये का माल जब्त कर लिया गया है, लेकिन कम्पनी को छूट दी गई है कि वह बराबर की रकम का जुर्माना दे कर यह माल छुड़ा सकती है। इसके अलावा, कम्पनी, पर 75,000 रुपये का व्यक्तिगत जुर्माना किया गया है। इस फैसले के खिलाफ अपील की जा सकती है

## कृष्णा और गोदावरी के पानी का बंटवारा

*99. श्री यशपाल सिंह :
श्री इन्द्रजीत गुप्त :
श्री कपूर सिंह :
श्री रा० गि० दुबे :
श्री रामेश्वर टांटिया :
श्री धवन :
श्री भी० प्र० यादव :
श्री बिशनचन्द्र सेठ :
श्री जसवत मेहता :
श्री नि० रं० लास्कर :
श्री विश्वनाथ पांडेय :
श्री प्र० के० देव :
श्री मा० ल० जाधव :
श्रीमती सावित्री निगम :

क्या सिंचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कृष्णा-गोदावरी के पानी के बंटवारे के प्रश्न की छानबीन करने के लिये अभी हाल में मैसूर, आन्ध्र प्रदेश और महाराष्ट्र के मुख्य मंत्रियों का एक सम्मेलन हुआ था ;

(ख) यदि हां, तो क्या कोई निर्णय किया गया; और

(ग) उसे कार्यान्वित करने में कितना समय लगेगा ?

**सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० कु० ल० राव)** : (क) जी, हां।

(ख) और (ग). यह निश्चय किया गया था कि वार्तालाप को राष्ट्रीय विकास परिषद् की अगली बैठक में भी जारी रखा जायेगा ।

**देहाती इलाकों के लिए पीने का पानी**

*100. **श्री अ० ना० विद्यालंकार :**
**श्री विश्वनाथ पांडेय :**
**श्री बै० ना० कुरील :**

क्या **स्वास्थ्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देहाती इलाकों में पीने का पानी पहुंचाने के लिये रखी गई 18.12 करोड़ की रकम का काफी बड़ा हिस्सा अभी तक खर्च नहीं हुआ है;

(ख) जो राशि खर्च नहीं की गई है वह कितनी है तथा उसके राज्यवार आंकड़े क्या हैं ;

(ग) लोगों की इतनी नितान्त आवश्यकता की वस्तु पहुंचाने के लिये राज्य सरकारें इन रकमों का किन कारणों से उपयोग नहीं कर सकी ; और

(घ) इस सबंध म योजना को निश्चित रूप से कार्यान्वित कराने के लिये सरकार क्या कदम उठा रही है ।

**स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर)** : (क) से (घ). देहात में जल संभरण की योजनाओं के लिये तृतीय योजना में राष्ट्रीय जल संभरण और सफाई कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 16.57 करोड़ रु० का उपबन्ध किया गया है । इस रकम में से 10.35 करोड़ रु० योजना के पहले 3 वर्षों में खर्च किये जा चुके हैं । बाकी पैसा योजन की शेष अवधि में खर्च हो जायेगा । वास्तव में ऐसा अनुमान लगाया जाता है कि योजनावधि में कुल खर्च उपबन्धित राशि से बढ़ जायेगा। एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है, जिसमें बताया गया है कि : योजना की उपबन्धित राशि क्या है, अब तक कितना पैसा खर्च किया गया है और योजना की शेष अवधि में विभिन्न राज्यों में कितना पैसा खर्च होने की आशा है । [**पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 3058/64**]

## छिपाया हुआ धन

*101. श्री हरिश्चन्द्र माथुर :
श्रीमती रेणु चक्रवर्ती :
श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :
श्री प्र चं बरुआ :
श्री विश्वनाथ पांडेय :
श्रीमती सावित्री निगम :
श्री प० ला० बारूपाल :
श्री दाजी :
श्री वासुदेवन नायर :
श्री स्वैल :
श्री राम हरख यादव :
श्री बागड़ी :
श्री हरि विष्णु कामत :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने छिपाया हुए धन की मात्रा का पता लगाने के लिये कोई जांच की है और इस धन को किस प्रकार प्रयुक्त किया जा रहा है ;

(ख) धन पर नियंत्रण रखने और उसे हस्तगत करने के लिये यदि सरकार ने कोई कार्यवाही की है, तो वह क्या है ;

(ग) इस सम्बन्ध में यदि कोई सुझाव दिये गये हैं, तो वे क्या हैं और उनपर सरकार की क्या प्रतिक्रिया हुई है; और

(घ) क्या छिपाया हुआ धन अनाज व्यापार में लग गया है और इससे मूल्य बढ़े हैं ?

योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत) : (क) और (ख). छिपाये हुए धन के सवाल पर सरकार ने ध्यान तो दिया है किन्तु ऐसे धन की मात्रा का अनुमान लगाने के लिये कोई जांच नहीं की गई। यह एक ऐसा मामला है जिसमें यदि सरकारी कार्रवाइयों को सफल बनाना है, तो सरकार के लिये यही उचित है कि वह अपने विचार प्रकट करने में सावधानी से काम ले।

(ग) समय समय पर जो सुझाव दिये गये हैं वे यह हैं :—

(1) अधिक मूल्य के नोटों को चलन से वापस लेना ;

(2) विशेष ऋणों को जारी करना ;

(3) सरकार से भिन्न अभिकरणों को वाहक बांड (बेयरर बांड) जारी करने की अनुमति देना ;

(4) कर की चोरी करने वाले उन लोगों को, जो छिपाये हुए धन को प्रकट करदें, एक खास अवधि के लिये आम माफी देना।

यद्यपि इन सुझावों में कुछ गुण हैं, तथापि इनमें बहुत से दोष भी हैं।

(घ) यह बताना संभव नहीं है कि किस सीमा तक ऐसा हुआ है।

## पश्चिमी जर्मनी द्वारा पूंजी विनियोजन

*102. श्री वाजी :
श्री पें० वेंकटा सुब्बया :
श्री प्र० चं० बरुआ :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पश्चिमी जर्मनी की सरकार ने भारत में पश्चिमी जर्मनी द्वारा पूंजी विनियोजन के लिये कुछ विशेष प्रत्याभूतियां मांगी हैं ;

(ख) यदि हां, तो पश्चिमी जर्मनी ने क्या प्रत्याभूतियां मांगी है ;

(ग) क्या भारत सरकार ने इन मांगों पर कोई निर्णय कर लिया है, और

(घ) यदि हां, तो क्या निर्णय किया गया है ?

**योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत)** : (क) से (ग) भारत और जर्मनी के बीच जर्मनी द्वारा रुपया लगाने के बारे में गारण्टी समझौते पर दोनों सरकारों के बीच वार्ता चल रही है। गारण्टी के स्वरूप से सम्बन्धित विशेष बात के बारे में अभी चर्चा जारी है ।

## योजना आयोग

*103. डा० पं० शा० देशमुख :
श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :
श्री प्रकाशवीर शास्त्री :
श्री जगदेव सिंह सिद्धान्ती :
श्री यशपाल सिंह :
श्री कुञ्जपाल सिंह :

क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को यह सुझाव दिया गया है कि योजना आयोग का आकार छोटा किया जाये ताकि व्यय में बचत की जा सकें; और

(ख) यदि हां, तो, उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया हुई है ?

**योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत)** : (क) और (ख). योजना आयोग ने समय समय पर अपने कर्मचारियों की संख्या की जांच की है ताकि उन्हें सौंपे गये कार्य के सुचारू रूप से होने में अधिक मितव्ययिता बरती जा सके। फिलहाल, एक प्रस्ताव आयोग के विचाराधीन है जिसमें भविष्य में किये जाने वाले अत्यावश्यक कार्यों को शीघ्रता से सम्पन्न करने के लिये कर्मचारियों का ठीक ढंग से चुनाव किया जा सके ।

## तीसरी योजना में आवास

*104. श्री दे० जी० नायक :
श्री म० ला० द्विवदी :
श्रीमती सावित्री निगम
श्री स० चं० सामन्त :
श्री सुबोध हंसदा :
श्री रामेश्वर टांटिया :
श्री हिम्मतसिंहका :
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री प्र० के० देव :
श्री सोलंकी :
श्री छ० म० केदरिया :
श्रीमती लक्ष्मी बाई :

क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि तृतीय पंचवर्षीय योजना में आवास के लिये उपबन्धित राशि में से काफी रकम अभी तक बिना व्यय की हुई पड़ी है; और

(ख) क्या यह भी सच है कि अब तक व्यय न की गई राशि को राज्यों द्वारा अन्य मदों पर खर्च किया जा रहा है ?

निर्माण और आवास मंत्री (श्री मेहर चन्द खन्ना) : (क) हां।

(ख) आवश्यक सूचना भेजने के लिये सभी राज्य सरकारों को कहा गया था। अभी तक उनमें से नौ का जवाब आ चुका है। आवास के लिये उपबन्धित राशि को अन्य मदों पर खर्च किये जाने का आठ ने खंडन किया है। केवल एक ने यह स्वीकार किया है कि अन्य मदों पर थोड़ा सा खर्च किया गया था।

## दिल्ली में बाढ़

*105. श्री बालगोविन्द वर्मा :
श्री विश्वनाथ पांडेय :
श्रीमती सावित्री निगम :
श्री सोलंकी ।
श्री यशपाल सिंह :
श्री नरसिम्हा रेड्डी :

क्या सिंचाई और विद्युत् मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हाल में दिल्ली के निकट कई गांव पानी में डूब गये और उनका एक-दूसरे से सम्बन्ध विच्छेद हो गया क्योंकि सिंचाई विभाग के कार्य कमचारियों ने नदी में जल का स्तर 668 फुट पर पहुंच जाने पर भी वजीराबाद बांध के द्वार नहीं खोले ;

(ख) इस बाढ़ के कारण इन गांवों में कितनी क्षति हुई है; और

(ग) इस बाढ़ से कितने गांव प्रभावित हुए हैं और यदि कोई जन या पशु-हानि हुई है तो कितनी ?

**सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० कु० ल० राव)** : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग). यमुना में बाढ़ के कारण पांच ग्रामों में 535 एकड़ भूमि जलमग्न हो गई थी। जिन फसलों को हानि पहुंची है उनकी कीमत 22,000 रुपये है। न तो किसी व्यक्ति की और न ही किसी मवेशी की मृत्यु हुई।

## नर्मदा घाटी परियोजना

*106. श्री प्र० कं० देव :
श्री बिशनचन्द्र सेठ :
श्री रामेश्वर टांटिया :
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री भी० प्र० यादव :
श्री धवन :
श्री अ० सिं० सहगल :
श्री पु० र० पटेल :
श्री बड़े :
श्री जसवन्त मेहता :

क्या सिंचाई और विद्युत् मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्होंने नर्मदा घाटी परियोजना के निष्पादन के लिये महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश की सरकारों के सामने एक नया प्रस्ताव रखा है।

(ख) यदि हां, तो प्रस्ताव की मुख्य बातें क्या हैं; और

(ग) इस प्रस्ताव पर राज्य सरकारों की क्या प्रतिक्रियाएं हैं ?

**सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० कु० ल० राव)** : (क) से (ग). नर्मदा नदी के जल साधनों के इष्टतम और समन्वित विकास हेतु मास्टर प्लैन तैयार करने के लिये मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात राज्यों से परामर्श करके एक समिति बनाई गई है। एक विवरण, जिसमें इस समिति के संगठन और विचारार्थ विषयों को बताया गया है, सभा पटल पर रख दिया गया है। [पुस्तकालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 3059/64]।

## पाकिस्तान को भेज जाने वाले हथियारों का जब्त किया जाना

*107. श्री रिशांग किशिंग :
श्री बागड़ी :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :
श्री बे० ना० कुरील :
श्री इन्द्रजीत गुप्त :
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री स्वैल :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 28 जुलाई, 1964 को कलकत्ता में सीमा शुल्क अधिकारियों ने 'एस० एस० अमेरिकन हंटर' नामक जहाज से पाकिस्तान को जाने वाले हथियारों और गोला बारूद की लगभग 200 पेटियां बरामद कीं ;

(ख) यदि हां, तो वे शस्त्र और युद्ध-सामग्री किस प्रकार की थी; और

(ग) इस मामले में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई ?

योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत) : (क) और (ख). 27 जुलाई, 1964 को सीमा-शुल्क अधिकारियों ने कलकत्ते में 'एस० एस० अमेरिकन हंटर' नामक जहाज से लोहे की चादरों की 173 पेटियां और 4 ड्रम पकड़े जिनमें क्रमशः 303 की गोलियां और छोटे हथियारों के लिये गोली-बारूद भरा था। यह सामान संयुक्त राज्य अमेरिका से पाकिस्तानी आयातकों के नाम भेजा गया था।

(ग) नौवहन अभिकर्ताओं (शिपिंग एजेंट्स) से कहा गया है कि रोके गये माल को जहाज द्वारा भेजने के लिये विदेश मंत्रालय से शस्त्रास्त्र नियमावली, 1962 के अधीन अपेक्षित लाइसेंस प्राप्त करें।

## लोदी हाउस होस्टल

*108. श्री हरि विष्णु कामत :
श्री बड़े :
श्री यशपाल सिंह :

क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने लोदी हाउस होस्टल, नई दिल्ली को उसके वर्तमान तरीके से भिन्न ढंग पर चलाने का निर्णय किया है ;

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य बातें क्या हैं ; और

(ग) इस परिवर्तन के क्या कारण हैं ?

**निर्माण और आवास मंत्री (श्री मेहर चन्द खन्ना)** : (क) से (ग). मामला अभी विचाराधीन है ।

**फिल्म कलाकारों द्वारा विदेशी मुद्रा विनियमों का उल्लंघन**

*109. **श्री प्र० चं० बरुआ :**
**श्री इ० मधुसूदन राव :**
**श्री प्रकाशवीर शास्त्री :**
**श्री ओंकार लाल बेरवा :**
**श्री यशपाल सिंह :**
**श्री बैं० ना० कुरील :**
**श्री विश्वनाथ पांण्डेय :**
**श्री ह० चं० सोय :**
**श्री स० मो० बनर्जी :**
**श्री हुक्म चन्द कछवाय :**
**श्री बागड़ी :**
**श्री रामपुरे :**
**श्री द्वारका दास मंत्री :**

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रवर्तन निदेशालय ने अगस्त, 1964 के चौथे सप्ताह में, बम्बई में फिल्म कलाकारों द्वारा विदेशी मुद्रा सम्बन्धी विनियमों का कथित उल्लंघन किये जाने और छिपे हुए धन का पता लगाने के लिये उनके घरों की तलाशी करवाई थी; और

(ख) यदि हां, तो इस छापे में कितनी नकदी और सोना बरामद किया गया और कितने फिल्म अभिनेताओं के घरों की तलाशी ली गई ?

**योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत)** : (क) और (ख). वित्त मंत्रालय के प्रवर्तन निदेशालय (एनफोर्समेण्ट डाइरेक्टरेट) के अधिकारियों ने, विदेशी मुद्रा सम्बन्धी विनियमों के उल्लंघन के सम्बन्ध में बम्बई में सात फिल्मी कलाकारों के घरों की तलाशी ली और विभिन्न मूल्यों की विदेशी मुद्रा, जिसमें सोने की 393 गिन्नियां और 1895 पौण्ड के यात्री चैक भी शामिल थे, जब्त की । इसके अलावा 33,13,000 रुपये के मूल्य की भारतीय मुद्रा, 1772 ग्राम सोना, दस्तावेज और अन्य विविध वस्तुएं भी जब्त की गयीं ।

## परिवार नियोजन

*110. डा० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी :
श्री दी० चं० शर्मा :
श्री विश्राम प्रसाद :
श्री हेम राज :
श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :
श्री क० ना० तिवारी :
श्री काशी राम गुप्त :
श्री बाल्मीकी :
श्री बासप्पा :
श्री इ० मधुसूदन राव :

क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) क्या परिवार नियोजन और जन संख्या को बढ़ने से रोकने के कार्यक्रम के लक्ष्यों में आमूल परिवर्तन करने का विचार है ;

(ख) क्या यह सच है कि तीसरी योजना अवधि के लिये नियत की गई 27 करोड़ रुपये की राशि का 70 प्रतिशत भाग अभी उपयोग में नहीं लाया गया हैं; और

(ग) इस दिशा में पर्याप्त सफलता प्राप्त करने के लिये क्या कदम उठाने का विचार है ?

स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर) : (क) परिवार नियोजन कार्यक्रम का लक्ष्य भारत में जन्मदर को घटा कर यथाशीघ्र 25 प्रति हजार करना है । इस लक्ष्य में आमल परिवर्तन करने का विचार नहीं है।

(ख) परिवार नियोजन कार्यक्रम के लिये तृतीय पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत 26 करोड़ 97 लाख 87 हजार रुपये की योजना व्यवस्था की गई है (केन्द्र के लिये नियत 20 करोड़ रुपयों सहित ) केन्द्र में अप्रैल, 1961 से जून, 1963 तक की अवधि के लिये 6 करोड़ 18 लाख 50 हजार रुपये की तथा राज्यों में 1 करोड़ 81 लाख 91 हजार रुपये की व्यवस्था थी । इसी अवधि के लिये केन्द्र और राज्यों का अनुमानित व्यय क्रमशः 4 करोड़ 35 लाख 61 हजार और 1 करोड़ 52 लाख 10 हजार रुपये है । इस से यह देखा जायेगा कि केन्द्र तथा राज्यों में इस योजना व्यवस्था की उपयोगिता का प्रतिशत क्रमशः 70.4 प्रतिशत और 83.6 प्रतिशत है ।

(ग) परिवार नियोजन कार्यक्रम को 4 अक्तूबर, 1963 से पुनर्गठित कर दिया गया है ।

**दिल्ली में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना का विस्तार**

*111. श्री सुरेन्द्रपाल सिंह :
श्री स० मो० बनर्जी :
श्री म० ना० स्वामी :
डा० सारादीश राय :
श्री प० कुन्हन :
श्री इम्बीचिबावा :
श्री रमेश्वर टांटिया :
श्री बिशनचन्द्र सेठ
श्री भी० प्र० यादव :
श्री धवन :
श्रीमती सावित्री निगम :
श्री वी० चं० शर्मा :
श्री प्र० के० देव :
श्री सोलंकी :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :
श्री इ० मधूसूदन राव :

क्या **स्वास्थ्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) क्या राजधानी की कुछ चुनी हुई बस्तियां में ग़ैर-सरकारी कर्मचारियों पर केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना लागू करने का नई योजना बनायी जा रही है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक कार्यान्वित किये जाने की संभावना है और उसकी मुख्य बातें क्या हैं ?

**स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर)** : (क) और (ख). केन्द्रीय स्वास्थ्य योजना, जो दिल्ली स्थित केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों पर लागू होती है, प्रयोगात्मक रूप में चुने गये चार क्षेत्रों अर्थात् एण्ड्रूयूज़ गंज, किदवई नगर, लक्ष्मी बाई नगर और मोती बाग में आम जनता के सदस्यों पर लागू कर दी गई है। यह योजना 1 जुलाई, 1964 से कार्यान्वित कर दी गई है । इसमें सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों को अंशदायी आधार पर सुविधायें प्राप्त होंगी । अंशदान की दर प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष 18.40 रुपये है बशर्ते यह सारे परिवार के लिये जिसकी परिभाषा नियमों में दी गई है 92.00 रुपये प्रतिवर्ष से अधिक न हो।

**विदेशी सार्थ कार्यालय की तलाशी**

*112. श्री यशपाल सिंह :
श्री मोहन स्वरुप :
श्री स० मो० बनर्जी :
श्री द्वारका दास मंत्री :
श्री इन्द्रजीत गुप्त :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 4 जून, 1964 को कलकत्ता में प्रवर्तन निदेशालय ने विदेशी

मुद्रा विनियम अधिनियम का उल्लंघन करने के आरोप में विदेशी सार्थ के कार्यालय की तलाशी ली थी ;

(ख) यदि हां, तो सार्थ का नाम क्या है ; और

(ग) इस तलाशी का परिणाम क्या है ?

**योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत)** : (क) जी हां ।

(ख) और (ग) ऐसे कागजात पकड़े गये जिनके आधार पर अभियोग लगाया जा सकता है । जांच का काम जारी है और पार्टियों को "कारण बताओ" नोटिस (शो काज नौटिस) दे दिये गये हैं । जांच का काम जब तक पूरा न हो जाये तब तक फर्मों के नाम न बताना ही ठीक समझा गया है ।

## भूमि सुधार

*113. श्री प्र० चं० बरुआ :
श्रीमती सावित्री निगम :
श्री स० चं० सामन्त :
श्री म० ला० द्विवेदी :
श्री अ० क० गोपालन :
श्री नम्बियार :
श्री इम्बीचिबाबा :
श्री यशपाल सिंह :
श्री सुरेन्द्रपाल सिंह :
श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :
श्री वाजी :
श्री दे० व० पुरी :
श्री कोल्ला वेंकैया :
श्री ज्वा प्र० ज्योतिषी :
श्री विश्वनाथ पांडेय :
श्री दी० चं० शर्मा :
श्री पें० वेंकटासुब्बया :

क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 25 जून, 1964 को हुई भूमि सुधार क्रियान्विति समिति की बैठक में क्या विचार प्रकट किये गये तथा क्या सिफारिश की गई थीं; और

(ख) उनके आधार पर सरकार ने क्या निर्णय किये हैं ?

**योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत)** : (क) और (ख) एक विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी०—3060/64 ।]

## ब्रिटिश ऋण

*114. श्री विश्राम प्रसाद :
श्री प्र० चं० बरुआ :
श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :
श्री त्रिदिब कुमार चौधरी :
श्री रामचन्द्र मलिक :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हाल में ही भारत को 1 करोड़ पौंड के ब्रिटिश ऋण के सम्बध में एक करार पर हस्ताक्षर हुए हैं ;

(ख) यदि हां, तो ऋण की शर्तें क्या हैं; और

(ग) इस ऋण से किन परियोजनाओं में धन लगाया जायेगा ?

योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत ) : (क) जी हां।

(ख) ऋण सम्बन्धी करार में इस बात की व्यवस्था है कि मूलधन और ब्याज की अदायगी, 25 वर्षों की अवधि में, जिसमें सात वर्षों की रियायती अवधि भी शामिल है, लगातार 36 छमाही किस्तों में की जाय। पहले सात वर्षों का ब्याज भी छोड़ दिया गया है । इस ऋण पर उसी दर से ब्याज लगेगा जो आजकल ब्रिटेन की समेकित निधि से समान अवधि के लिये जाने वाले ऋण पर ब्रिटेन के राजकोष द्वारा लागू की जाती है और इसके साथ ही प्रतिवर्ष एक-चौथाई प्रतिशत के हिसाब से और ब्याज लगेगा।

(ग) यह ऋण किसी खास प्रायोजना के लिये नहीं है, बल्कि यह ब्रिटेन से बहुत तरह की चीजें खरीदने के लिये दिया जा रहा है।

## सोने का पकड़ा जाना

*115. डा० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी :
श्री म० ला० द्विवदी :
श्री स० चं० सामन्त :
श्री सुबोध हंसदा :
श्री यशपाल सिंह :
श्री बागड़ी :
श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री बाल्मीकी :
श्री श० ना० चतुर्वेदी :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) स्वर्ण नियंत्रण आदेश के लागू होने के बाद से अब तक पकड़े गये सोने के परिमाण के सम्बन्ध में कोई अध्ययन किया गया है ;

(क) क्या यह सच है कि स्वर्ण नियंत्रण आदेश के पश्चात् की अवधि में पकड़े गये अवैध सोने की मात्रा स्वण नियंत्रण से पहले पकड़े गये सोने की मात्रा से किसी भी प्रकार बहुत कम नहीं है ; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार तस्कर व्यापार पर स्वर्ण नियंत्रण के प्रभाव के बारे में किसी निर्णय पर पहुंच गई है ?

**योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत)** : (क) पकड़े गये सोने के परिमाण के सम्बन्ध में समय-समय पर जांच की जाती है ।

(ख) और (ग) चोरी -छिपे लाये गये सोने की मात्रा , जो पकड़ी गयी , इस प्रकार है :—

| | |
|---|---|
| 1962 . | 2,638 किलोग्राम |
| 1963 . . | 1,024 ,, |
| 1964 . . . . . | 973 ,, |

यद्यपि 1963 में चोरी -छिपे लाये गये सोने की मात्रा में, जो पकड़ी गयी , काफी कमी हुई, लेकिन 1964 में इस में उतनी अधिक कमी नहीं हुई । फिर भी, यह सारी अवधि सोने का चोरी-छिपे लाने के बारे में स्वर्ण-नियंत्रण के प्रभाव के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण निर्णयों पर पहुंचने की दृष्टि से बहुत कम है ।

## खण्डसारी पर शुल्क

*116. **श्री प्र० चं० बरुआ** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने हाल में ही खंडसारी पर वर्तमान शुल्क (लेवी) को कम करने का निर्णय कर लिया है ;

(ख) यदि हां, तो किस सीमा तक और उसके क्या कारण हैं ? और

(ग) क्या मिल की चीनी के उत्पादन पर इसका बुरा प्रभाव पड़ने की संभावना है और यदि हां, तो किस सीमा तक ?

**योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत)** : (क) और (ख) खंडसारी पर लगने वाले उत्पादन-शुल्क की मानक (स्टैण्डर्ड) दरों में कोई कमी नहीं की गयी । लेकिन सम्मिलित शुल्क योजना (कम्पाउण्डैड लेवी स्कीम ) के अन्तर्गत चलने वाले सहकारी खांडसारी के कारखानों पर लगने वाले सम्मिलित उत्पादन-शुल्क की दरों में, पहले के वर्षों की तरह, 1 जुलाई, 1964 से 31 अक्तूबर, 1964 तक की अवधि के लिए एक-तिहाई कमी कर दी गयी है। इसका कारण यह है कि इस विधि में दूसरी प्रक्रिया (सैकेंड प्रोसेस) से बनायी जाने वाली चीनी का उत्पादन काम के समय की प्रति इकाई ( पर यूनिट आफ वर्किंग -टाइम ) के हिसाब से अपेक्षाकृत कम बैठता है ।

(ग) जी, नहीं प्रश्न ही नहीं उठता ।

## राजस्थान में सिंचाई योजनाओं के लिये सहायता

246. **श्री कर्णी सिंहजी :** क्या सिंचाई और विद्युत् मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तृतीय योजनावधि में 31 मार्च, 1964 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिये केन्द्र द्वारा राजस्थान को मध्यम सिंचाई योजनाओं के लिये सहायता और ऋण के रूप में अलग अलग कितनी राशि दी गई, और

(ख) अब तक वास्तव में कितनी राशि भेजी गई है ?

**सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० कु० ल० राव) :** (क) मध्यम सिंचाई योजनाओं के लिये ऋण और सहायता के रूप में कोई अलग राशि नहीं दी जाती है। हां, कुछ अनुमोदित विकास योजनाओं पर, जिन में माध्यम सिंचाई योजनाएं भी शामिल हैं, खर्च करने के लिये विभिन्न राज्यों को ऋण के रूप में एक बड़ी रकम दी जाती है। 1963-64 में ऐसे विभिन्न अनुमोदित विकास योजनाओं के लिये राजस्थान को 10,82,81,000 रु० की राशि का ऋण मंजूर किया गया था। 1963-64 में माध्यम सिंचाई योजनाओं के लिये कोई सहायता अनुदान मंजूर नहीं किया गया है।

(ख) राज्य सरकार के 1964-65 के वार्षिक योजना प्रस्तावों के अनुसार राजस्थान में 1963-64 में माध्याम सिंचाई योजनाओं पर लगभग 98.15 लाख रु० व्यय होने का अनुमान है।

## राज्य मंत्रियों के विदेशों में दौरे

247. **श्री इन्द्रजीत गुप्त :**
**श्री यशपाल सिंह :**
**श्री बड़े :**

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मुख्य मंत्रियों और राज्य मंत्रयों को अपने अपने राज्यों में परियोजनाओं के विकास के लिए ऋण प्राप्त करने के लिये विदेश जाने की स्वतंत्रता है ;

(ख) यदि हां, तो उन के मार्गदर्शन के लिये क्या कोई नियम बनाये गये हैं; और

(ग) क्या दौरे के कार्यक्रम को अन्तिम रूप देने से पहले केन्द्रीय सरकार की पूर्व स्वीकृति ली जाती है ?

**वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) :** (क) से (ग). सामान्यत: मैं सभी ऋणों के लिये केन्द्रीय सरकार द्वारा बातचीत की जाती है। फिर भी कुछ विशेष योजनाओं के अस्थायी आवंटनों को अन्तिम रूप देने के लिये यदि मुख्य मंत्रियों अथवा राज्य मंत्रियों के दौरों को आवश्यक समझा जाय तो इसकी स्वीकृति दे दी जाती है। मुख्य मंत्रियों के सभी दौरों के लिये प्रधान मंत्री की स्वीकृति आवश्यक है और विदेशी मुद्रा देने के दृष्टिकोण से वित्त मंत्रालय भी इनपर विचार करता है।

## ईंधन के रूप में कोयले का प्रयोग

248. **श्री प्र० के० देव** : क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि योजना आयोग के कार्यकारी दल ने चीनी मिलों में ईंधन के रूप में खोई के स्थान पर कोयले का उपयोग करने की सलाह दी है ; और

(ख) यदि हां, इस परिवर्तन को प्रोत्साहन देने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

**योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत)** : (क) और (ख). खोई के उद्योग के सम्बन्ध में प्रविधिक तथा आर्थिक अध्ययन करने के लिये एक छोटे से दल की स्थापना की गई है । इस दल ने अपने प्रतिवेदन को अभी तक अन्तिम रूप नहीं दिया है ।

तथापि, कागज और अखबारी कागज उद्योग के अग्रेत्तर विकास के लिये कच्चे माल के एक बड़े स्रोत के रूप में खोई के महत्व को जान लिया गया है । जब चीनी उद्योग द्वारा विशिष्ट रूप से इसके लिये प्रार्थना की जाती है तो चीनी मिलों के वारिपत्रों में खोई के स्थान पर कोयले अथवा अन्य वैकल्पिक ईंधन का उपयोग करने के हेतु सन्तुलन उपकरण को प्राप्त करने के लिये सुविधायें प्रदान की जाती हैं।

## प्रत्यक्ष कर प्रशासन जांच समिति

249. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्रत्यक्ष कर प्रशासन जांच समिति की कौन-कौन सी सिफारिशें संघ लोक सेवा आयोग को अपनी सलाह देने के लिये भेजी गई थीं ;

(ख) प्रत्येक मामले में संघ लोक सेवा आयोग ने क्या सलाह दी थी; और

(ग) इस मामले में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है अथवा की जा रही है ?

**वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी)** : (क) प्रत्यक्ष कर प्रशासन जांच समिति की सिफारिशों को, स्वीकृति के लिये उन पर सरकार द्वारा विचार करने से पहले, संघ लोक सेवा आयोग को नहीं भेजा गया था । परन्तु जिन सिफारिशों को स्वीकृत करने का प्रस्ताव है उनको क्रियान्वित करने से पहले जहां कहीं भी आवश्यक समझा जाता है संघ लोक सेवा आयोग का परामर्श ले लिया जाता है ।

(ख) और (ग). जो सिफारिशें स्वीकृत कर ली गई थीं उनके सम्बन्ध में संघ लोक सेवा आयोग सरकार के मत से सहमत था ।

## कुट्टियाडी नदी घाटी योजना

250. **श्री अ० व० राघवन** :
**श्री पोट्टेकाट्ट** :

क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कुट्टियाडी नदी घाटी योजना के कार्य में जो प्रगति हुई है उसके ब्यौरे क्या हैं ; और

(ख) परियोजना की अनुमानित लागत कितनी है तथा उस पर अब तक कितना व्यय हुआ है ?

**सिंचाई और विद्युत मंत्री (डा० कु० ल० राव)** : (क) परियोजना के प्रारम्भिक कार्य 1962 में आरम्भ कर दिये गये थे। प्रवेश मार्ग बन कर तैयार हो गया है । सड़क पर मिट्टी डालने और उसे पक्का करने के कार्यों को मिलाकर प्रवेश मार्ग के सभी कार्य पूरे हो गये हैं। प्रवेश मार्ग पर दो बड़े बड़े पुलों के अतिरिक्त आमने सामने का निर्माण कार्य पूरा हो गया है । प्रवेश मार्ग के 0/6 पर पुलके पहले मेहराब के लिये ऊपर की पटिया का निर्माण किया जा रहा है जिस से कि उसी पुल के दूसरे मेहराब पर पटियायें डाली जायेंगी । बांध स्थल पर छिद्रण कार्य लगभग पूरा हो चुका है । बायें और सीधे किनारों की नहरों के सम्बन्ध में अनुसन्धान कार्य किया जा रहा है । जल सम्भरण व्यवस्था आदि की डिजाइन पूरी हो चुकी है । कक्कोडी शाखा नहर के सम्बन्ध में अनुसन्धान कार्य की प्रगति हो रही है । जल विस्तार सर्वेक्षण पूरा हो चुका है । एक 'एफ' टाइप क्वार्टर और दो दो 'ई' और 'सी' टाइप क्वार्टरों का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है । कुछ और क्वार्टर बनाने के लिये भूमि को समतल करने का कार्य किया जा रहा है ।

(ख) कुट्टियाडी परियोजना की अनुमानित लागत 4 करोड़ 96 लाख रूपये है । जुलाई 1964 तक प्रारम्भिक कार्यों पर 8 लाख 30 हजार रूपये व्यय हुए हैं।

## सुनार

**251. श्री रामचन्द्र मलिक** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) स्वर्ण नियंत्रण आदेश के कारण समस्त भारत में कुल मिलाकर कितने सुनार बेकार हो गये हैं ;

(ख) सरकार ने उनके लिये किस प्रकार के कार्य की व्यवस्था की है ; और

(ग) अब तक कुल ऐसे कितने सुनारों के लिये अन्य धन्धों की व्यवस्था कर दी गई है ?

**वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी)** : (क) अनुमान है कि स्वर्ण नियंत्रण आदेश के लागू किये जाने के परिणामस्वरूप लगभग 2,60,000 सुनार बेकार हो गये थे । इन में से लगभग 2,17,000 ने सुनारों के रूप में कार्य करते रहने के लिये प्रमाणपत्रों के लिये आवेदन पत्र भेजे थे और वे फिर से अपना धन्धा करने लगे हैं

(ख) दफ्तरों, कारखानों आदि में रोजगार, लघु उद्योगों को प्रारम्भ करने के लिये सहायता, वितरण व्यवस्था तथा भूमि सम्बन्धी कार्य प्रारम्भ करने के लिये सहायता ।

(ग) जून 1964 तक 9251 सुनारों को रोजगार दफ्तरों द्वारा नौकरियों दिलाई गई थीं और राज्य सरकारों से अब तक प्राप्त हुई सूचनाओं के अनुसार लघु उद्योग, वितरण व्यापार तथा कृषि कार्य आदि प्रारम्भ करने के लिये 31,314 सुनारों को सहायता प्रदान की गई है ।

## महालेखापाल, उड़ीसा

252. { श्री रामचन्द्र उलाका :
श्री धुलेश्वर मीना :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) भुवनेश्वर स्थित उड़ीसा के महालेखापाल (उप-महालेखापाल, पुरी को मिलाकर) के अधीन 31 जुलाई 1964 को सभी श्रेणियों के कुल कितने व्यक्ति कार्य कर रहे थे; और

(ख) उक्तकथित कार्यालयों के कितने कर्मचारियों के लिये जुलाई 1964 के अन्त तक औद्योगिक नैवासिक क्वार्टरों की व्यवस्था कर दी गई थी ?

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) : (क) 1007.

(ख) ऐसा अनुमान है कि उन सरकारी कर्मचारियों की संख्या पूछी गई है जिन्हें कि रहने के लिये मकान दे दिये गये हैं । 414 कर्मचारियों को परिवार के रहने के लिये मकान दे दिये गये हैं. और 214 कमंचारियों के लिये मैस में स्थान की व्यवस्था कर दी गई है ।

## उड़ीसा में ग्राम्य जल सम्भरण योजनायें

253. { श्री रामचन्द्र उलाका :
श्री धुलेश्वर मीना :

क्या स्वास्थ्य मंत्री 30 अप्रैल, 1964 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2714 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उड़ीसा राज्य सरकार द्वारा 1964–65 में किये जाने वाले ग्राम्यजल सम्भरण कार्यक्रम के लिये 50 लाख रुपये के अतिरिक्त आवंटन के लिये की गई प्रार्थना पर इस बीच केन्द्रीय सरकार ने विचार कर लिया है ;

(ख) यदि हां, तो उस के क्या ब्यौरे हैं ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर) : (क) से (ग). उड़ीसा सरकार ने जो योजनायें भेजी हैं उनकी जांच की जा रही है । 1964–65 के दौरान ग्राम्य जल सम्भरण योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिये उड़ीसा राज्य को अतिरिक्त धनराशि का आवंटन करने के बारे में शीघ्र ही विचार किया जायेगा ।

## संसद् सदस्यों का क्लब व होस्टल

254. श्री इ० मधुसूदन राव : क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नई दिल्ली में रफी मार्ग पर संसद्-सदस्यों के लिये एक क्लब व होस्टल का निर्माण किया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो निर्माण कार्य की कितनी प्रगति हो चुकी है ; और

(ग) कब वह भवन कब्जा लेने के लिये तैयार हो जायेगा ?

**निर्माण और आवास मंत्री (श्री मेहरचन्द खन्ना)** : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग). होस्टल के कार्य की प्रगति 45% तथा क्लब के कार्य की प्रगति 80% हुई है आशा की जाती है कि क्लब दिसम्बर, 1964 में बनकर तैयार हो जायेगा तथा होस्टल के सभी फ्लैट जून, 1965 तक तैयार हो जायेंगे । यह भी आशा की जाती है कि कुछ फ्लैट जून 1965 से पहले ही तैयार हो जायेंगे ।

**नागपुर के श्री श्रीराम दुर्गाप्रसाद का मामला**

256. **श्री दी० चं० शर्मा :**
**श्री हरि विष्णु कामत :**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) नागपुर के श्री श्रीराम दुर्गा प्रसाद के मामले में जांच के कार्य में कितनी प्रगति हुई है; और

(ख) यदि जांच पूरी हो गई है तो उसका क्या परिणाम निकला है ?

**वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी)** : (क) जांच अभी तक की जा रही है ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता

**फरक्का बान्ध**

258. **डा० सारदीश राय :**
**डा० रानेन सेन :**
**श्री दीनेन भट्टाचार्य :**
**श्री विश्राम प्रसाद :**
**श्री स० मो० बनर्जी :**
**श्री स० चं० सामन्त :**
**श्रीमती सावित्री निगम :**
**श्री म० ला० द्विवेदी :**
**श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :**
**श्रीमती रेणु चक्रवर्ती :**
**श्री ह० प० चटर्जी :**
**श्री इन्द्रजीत गुप्त :**
**श्री यशपाल सिंह :**
**श्री प्र० चं० बरुआ :**

क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) फरक्का बांध को बनाने में विलम्ब के क्या कारण हैं ;

(ख) कार्य को शीघ्र करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है,

(ग) कार्य के कब पूरा होने की सम्भावना है ?

**सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० कु० ल० राव)** : (क) से (ग). फरक्का बांध के निर्माण कार्य की प्रगति में कोई बिलम्ब नहीं हुआ है; इस के कार्य के पूरा होने का निर्धारित समय 1970 तक का है परियोजना के समय पर पूरा होने की बात को सुनिश्चित करने के लिये उच्च स्तर पर सामयिक पुनर्विलोकन किये जाते हैं तथा सम्बन्धित अधिकारियों के साथ प्रायः परामर्श किये जाते रहते हैं।

**जीवन बीमा निगम द्वारा विनियोजन**

259. **श्री सुरेन्द्रपाल सिंह :**
**श्री यशपाल सिंह :**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जीवन बीमा निगम के हाल ही के विनियोजन नीति सम्बन्धी विवरण में कहा गया है कि भविष्य में उसकी धनराशि के विनियोजन को सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में और बढ़ाने के स्थान पर गैर-सरकारी क्षेत्र में विनियोजन को अधिमान दिया जायेगा; और

(ख) यदि हां, तो जीवन बीमा निगम ने अपनी विनियोजन नीति में इस मूल परिवर्तन को करने के लिये क्या कारण बताये हैं ?

**वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी)** (क) जी, नहीं

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता

**दिल्ली के लिये तपेदिक-रोधी योजना**

260. **श्री सुरेन्द्रपाल सिंह :**
**श्री रामेश्वर टांटिया :**
**श्री बिशनचन्द्र सेठ :**
**श्री भी० प्र० यादव :**
**श्री धवन :**
**श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :**
**श्री प्र० चं० बरूआ :**

क्या **स्वास्थ्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली के संघ राज्य क्षेत्र के लिये एक व्यापक तपैदिक-रोधी योजना तैयार की गई है, और

(ख) यदि हां, तो इस योजना की मुख्य-मुख्य बातें क्या हैं ?

**स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर)** : (क) जी, हां ।

(ख) योजना की मुख्य-मुख्य बातें इस प्रकार हैं :—

(एक) दिल्ली क्षेत्र में तपेदिक के 40 से 45 हजार तक रोगियों का उनके घरों में नि:शुल्क उपचार करना ;

(दो) विभिन्न सरकारी तथा अर्द्ध-सरकारी संस्थाओं/स्वयंसेवी निकायों द्वारा चलाये जाने वाले अस्पतालों, औषधालयों और चिकित्सालयों के माध्यम से प्रशासनिक अनुदेशों के अधीन तपेदिक के सभी मामलों का पंजीकरण करने को अधिसूचित करने की व्यवस्था करना चिकित्सा-व्यवसायियों से भी अधिसूचना के कार्य में स्वेच्छा से सहयोग देने की आशा की जाती है ।

(तीन) आपात-रोगियों के लिये, जिन व्यक्तियों को सुरक्षित शल्य-चिकित्सा की आवश्यकता है उनके लिये, अकेले व्यक्तियों के लिये, तथा दु:साध्य रोगियों के लिये अस्पतालों में शय्याओं की व्यवस्था करना ।

(चार) तपेदिक नियंत्रण के लिये विभिन्न सरकारी तथा गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा चलाये जाने वाले अस्पतालों, चिकित्सालयों, और औषधालयों के माध्यम से तपेदिक के मामलों का पता लगाने का उपचार संगठन की तपेदिक-रोधी कार्यवाही का समन्वय करना ; और

(पांच) तपेदिक रोग को होने देने से रोकने तथा उसके नियंत्रण के मामले में जनता को शिक्षित करना ।

## सरकारी भवनों की मरम्मत पर रोक

261. **श्री मोहन स्वरूप :**
**श्री दे० द० मंत्री :**
**श्री स० चं० सामन्त :**
**श्री म० ला० द्विवेदी :**
**श्रीमती सावित्री निगम :**

क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार द्वारा सरकारी क्षेत्र के भवनों में सफेदी करने, पुन: रंग करने और छोटी-मोटी मरम्मत पर रोक लगायी गयी थी ;

(ख) यदि हां, तो गत वर्ष सरकार द्वारा इस मितव्ययिता उपाय से कितनी बचत की गयी; और

(ग) क्या सरकार का विचार इस रोक को हटा देने का है और यदि हां, तो कब ?

**निर्माण आवास मंत्री (श्री मेहर चन्द खन्ना)** : (क) जी हां । आपात की घोषणा के तुरन्त बाद रोक लगा दी गयी थी ।

(ख) केन्द्रीय लोक निर्माण, विभाग के नियंत्रण में जो भवन हैं उनके मामले में वर्ष 1963—64 में लगभग 70 लाख रुपये की बचत हुई ?

(ग) रोक पहले ही हटा दी गई है ।

## दिल्ली में बन्ध्यीकरण आन्दोलन

262. श्री भी० प्र० यादव :
श्री धवन :
श्री बिशन चन्द्र सेठ :
श्री रामेश्वर टांटिया :

क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार राजधानी में गहन बन्ध्यीकरण आन्दोलन चालू करना चाहती है ;

(ख) यदि हां, तो इस नये आन्दोलन की मुख्य बातें क्या हैं ; और

(ग) यह कब चालू किया जायेगा ?

**स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर)** : (क) और (ख). राजधानी में गहन बन्ध्यीकरण आन्दोलन पहले ही चल रहा है ।

(ख) राजधानी में 13 संस्थाओं में प्रत्येक के पास एक-एक बन्ध्यीकरण एकक है । इन संस्थाओं को निम्नलिखित सहायता दी गयी है :—

(1) बन्ध्यीकरण शिविर में प्रतिदिन कम से कम 10 वैसेक्टोमी आपरेशन करने पर गैर-सरकारी चिकित्सकों को 100 रुपये प्रतिदिन मानदेय के रूप में दिया जाना ।

(2) प्रतिदिन कम से कम 5 सार्पिगेक्टोमी आपरेशन करने पर 100 रुपये प्रतिदिन मानदेय के रूप में दिया जाना । एक से अधिक दिनों के लिये भी 100 रुपये दिये जा सकते हैं ।

(3) जो केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी (औद्योगिक एवं अनौद्योगिक दोनों) बन्ध्यीकरण आपरेशन करवाते हैं उन्हें 6 दिन तक का विशेष आकस्मिक अवकाश मिल सकता है ।

(4) जो स्त्री या पुरुष बन्ध्यीकरण आपरेशन करवाता है उसे दिल्ली नगर निगम की ओर से 30 रुपये नकद अनुदान के रूप में दिये जाते हैं ।

## गैस्ट्रो एन्टेरेटीस

263. श्री नम्बियार :
श्री लक्ष्मी दास :
श्री प० कुन्हन :
श्री म० ना० स्वामी :
डा० सारादीश राय :
श्री इम्बोचिबावा :
श्रीमती सावित्री निगम :
श्री म० ला० द्विवेदी :
श्री स० चं० सामन्त :
श्री विश्वनाथ पांडेय :
श्री ओंकारलाल बेरवा :

क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गैस्ट्रो-एन्टेरेटीस ने देश के कुछ भागों में महामारी का रूप धारण कर लिया है ;

(ख) क्या यह स्थिति हर वर्ष पैदा होती है ;

(ग) इस बीमारी के कारण इस वर्ष जनवरी मास के पश्चात् कुल कितने लोग हताहत हुए; और

(घ) इसे रोकने के लिये क्या उपाय किये गये हैं ?

**स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर)** : (क) जी हां ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) जनवरी से अगस्त, 1964 तक दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मनीपुर, महाराष्ट्र, राजस्थान आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, तथा त्रिपुरा राज्यों में लगभग 954 व्यक्तियों के हताहत होने की खबर आई है । अन्य राज्यों से जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है । अन्य राज्यों से सूचना प्राप्त होते ही सारे देश के बारे में मांगी गयी जानकारी देने वाला विवरण सभा-पटल पर रख दिया जायेगा ।

(घ) जो निरोधक उपाय किये गये हैं उनमें पूर्व सूचना देना, हैजा-विरोधी टीका लगाना, शीघ्र इलाज करना और रोगियों को पृथक रखना आदि शामिल हैं। जहां जहां गैस्ट्रो ए टेरेटीस हुआ उन क्षेत्रों में सफाई की स्थिति में सुधार किया गया, मक्खियां मारने के उपाय किये गये और गन्दगी हटाने के उचित उपाय भी किये गये। इनके अतिरिक्त पेय जल में क्लोरीन मिलाया गया, हैजा विरोधी कीटाणुनाशक एवं सल्फाग्वानीडाईन औषधियां पर्याप्त मात्रा में रख गयी और महामारी रोग अधिनियम को लागू किया गया तथा अन्य विशेष महामारी विरोधी उपाय किये गये।

## महिला डाक्टरों के लिये अवकाश गृह

264. **श्री रामेश्वर टांटिया :**
**श्री बिशन चन्द्र सेठ :**
**श्री भीं० प्र० यादव :**
**श्री धवन :**

क्या **स्वास्थ्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का शिमला में महिला डाक्टरों एवं नर्सों के लिये अवकाश गृह स्थापित करने का विचार है ;

(ख) यदि हां, तो वह कब तक चालू हो जाने की संभावना है ;

(ग) इस पर कुल कितना व्यय होगा; और

(घ) वहां पर अन्य क्या सुविधायें उपलब्ध की जायेंगी ?

**स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर)** : (क) जी, हां ।

(ख) अवकाश गृह निकट भविष्य में चालू होने की सम्भावना है।

(ग) लगभग 63,000 रुपये अनावर्तक और 7500 रुपये आवर्तक व्यय ।

(घ) इस गृह में साधारण निवास एवं भोजन की सुविधा उपलब्ध की जायेगी । चारदीवारी में खेले जाने वाले खेलों एवं मनोरंजन संबंधी सुविधाएं भी उपलब्ध की जायेंगी ।

## औषधि अधिनियम

265. श्री रामेश्वर टांटिया :
श्री हिम्मतसिंहका :
श्री बिशन चन्द्र सेठ :
श्री भी० प्र० यादव :
श्री धवन :
श्री प्र० चं० बरुआ :
महाराजकुमार विजय आनन्द :

क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पश्चिम बंगाल सरकार ने केन्द्रीय सरकार से वर्तमान औषधि अधिनियम में कुछ संशोधन करने के लिये अनुरोध किया है ;

(ख) यदि हां, तो इस बारे में केन्द्रीय सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि पश्चिम बंगाल सरकार ने एक औषधि जांच आयोग नियुक्त किया था; और

(घ) यदि हां, क्या उस आयोग द्वारा दिये गये सुझाव केन्द्रीय सरकार को भेजे गये हैं ?

स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

(ग) जी हां ।

(घ) प्रतिवेदन की एक प्रति पश्चिम बंगाल सरकार से प्राप्त हुई है ।

## अपर कृष्णा परियोजना

266. श्री हिम्मतसिंहका :
श्री रामेश्वर टांटिया :
श्री बिशन चन्द्र सेठ :
श्री भी० प्र० यादव :
श्री धवन :

क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि योजना आयोग ने अपर कृष्णा परियोजना के लिये स्वीकृति दे दी है ;

(ख) चालू वर्ष के लिये आयोग द्वारा कुल कितनी धन राशि उपलब्ध की गयी है ; और

(ग) समूची परियोजना की कुल अनुमानित लागत क्या है ?

योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत) : (क) जी हां ।

(ख) वर्ष 1964–65 के लिये मैसूर राज्य आय-व्ययक में 50 लाख रुपये के व्यय के लिये उपबन्ध किया गया है ।

(ग) परियोजना की अनुमानित लागत 5820 लाख रुपये है ।

**'शांति घाट', दिल्ली**

267. श्री रामेश्वर टांटिया :
श्री बिशन चन्द्र सेठ :
श्री भी० प्र० यादव :
श्री धवन :
श्री विश्राम प्रसाद :
श्री रा० गि० दुबे :
श्री दे० जी० नायक :
श्री इ० मधुसूदन राव :
श्रीमती रेणुका बड़कटकी :

क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार ने शांति घाट का, जहां श्री जवाहरलाल नेहरू का दाह संस्कार किया गया था, पुनः विकास करने और उसे सुन्दर बनाने का निश्चय किया है ; और

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य रूपरेखा क्या है ?

**निर्माण और आवास मंत्री (श्री मेहर चन्द खन्ना)** : (क) जी हां ।

(ख) शांति वन का विकास करके उसमें वृक्ष और फूलदार झाड़ियां लगाने का विचार है । वहां जल-कुण्ड भी बनाये जायेंगे । कुछ अल्पकालीन उपाय किये जा चुके हैं, जिनमें क्षेत्र की भराई, पैदल पथों का उपबन्ध तथा समाधि के आस पास लोहे की सीखचें लगाना शामिल हैं। अन्तिम योजना को पूरा होने में कुछ समय लगेगा ।

**पेरिस में हुआ तकनीकी विशेषज्ञों का सम्मेलन**

268. श्री रामेश्वर टांटिया :
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री भी० प्र० यादव :
श्री धवन :
श्री बिशन चन्द्र सेठ :
श्री हिम्मतसिंहका :

क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या योजना आयोग के किसी प्रतिनिधि ने जून, 1964 में पेरिस में हुए राष्ट्रीय विकास आयोजन के प्रशासनिक पहलुओं संबन्धी तकनीकी विशेषज्ञ सम्मेलन में भाग लिया था; और

(ख) यदि हां, तो सम्मेलन की सिफारिशें क्या थीं ?

योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत) : (क) जी हां ।

(ख) सम्मेलन के प्रारूप प्रतिवेदन को संयुक्त राष्ट्र संघ में अन्तिम रूप दिया जा रहा है ।

### अधिक देर बैठने का भत्ता

269. श्री अ० क० गोपालन :
श्री इम्बीचिबाबा :
श्री नम्बियार :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने, सीमा शुल्क कार्यालय के निरोध विभाग को चीन के सिपाहियों के लिए, छुट्टियों के दिन और अधिक देर बैठ कर कार्य करने के लिए भत्ता देने का निर्णय किया है ; और

(ख) यदि हां, तो वह क्या है ?

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) : (क) और (ख) विभिन्न सीमा शुल्क कार्यालयों के निरोध विभाग के सिपाहियों, जिस में कि कोचीन सीमा शुल्क कार्यालय के सिपाही भी शामिल हैं, के लिए अधिक समय कार्य करने का भत्ता विशेष दरों पर दिया जाना स्वीकृत किया गया है । यह भत्ता अन्य छुट्टियों, रविवारों तथा दफ्तर के समय के बाद कार्य करने के लिये दिया जायेगा । इन दरों का पुनरीक्षण करने का प्रश्न विचाराधीन है ।

### सहकारी संस्थाओं को भारत के रक्षित बैंक द्वारा ऋण

270. श्री लक्ष्मी दास :
श्री प० कुन्हन :
श्री नम्बियार :
डा० सराधीश राय :
श्री इम्बीचिबाबा :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि 1952-53 और 1962-63 में भारत के रक्षित बैंक द्वारा कुल कितनी राशि मुख्यत: सहकारी संस्थाओं को दी गयी ?

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) : राज्य के सहकारी बैंकों को जून 1953 और जन 1963 के अन्त तक मुख्यत: दिया गया ऋण निम्न प्रकार से है :

| | |
|---|---|
| जून 1953 . | 679.62 |
| जन 1963 . | 14019.65 |

## एकाधिकार आयोग

271. श्री विश्राम प्रसाद :
श्रीमती सावित्री निगम :
श्री स० मो० बनर्जी :
श्री रामचन्द्र उलाका :
श्री धुलेश्वर मीना :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या एकाधिकार आयोग, जिसको कि हाल ही में नियुक्त किया गया था अपना कार्य करना आरम्भ कर दिया है ;

(ख) यदि हां, तो इस दिशा में क्या प्रगति हुई है ; और

(ग) यदि भाग (क) का उत्तर 'नहीं' में है तो इसके क्या कारण हैं ?

मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) (क) जी हां ।

(ख) एकाधिकार आयोग जांच आयोग अधिनियम 1952 के अन्तर्गत स्थापित किया गया था । उससे यह अपेक्षा नहीं की गयी थी कि वह समय समय पर अपनी रिपोर्ट देगा । केवल आयोग के अन्तिम प्रतिवेदन की आशा थी । आयोग की बैठक के सम्बन्ध में 28 अगस्त 1964 को जारी की गयी प्रैस विज्ञप्ति सभा पटल पर रखी जाती है । [पस्तकालय में रखी गई, देखिये संख्या एल० टी०—3061/64]

(ग) प्रश्न उत्पन्न ही नहीं होता ।

## अस्पतालों में कर्मचारियों की कमी

272. श्री विश्राम प्रसाद :
श्रीमती सावित्री निगम :
श्री म० ला० द्विवेदी :
श्री स० चं० सामन्त :
श्री प्रकाशवीर शास्त्री :
श्री द्वारका दास मंत्री :

क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह ठीक है कि राज्य सरकारों और संघ क्षेत्रों के प्रशासनों द्वारा केन्द्रीय सरकार को ये प्रतिवेदन दिये हैं कि देश के बहुत से अस्पतालों में कर्मचारी बहुत कम हैं और अर्हता प्राप्त डाक्टरों के बिना ही वहां काम चल रहा है ;

(ख) यदि हां, तो ऐसे अस्पतालों की संख्या कितनी है जो कि बिना स्नातक डाक्टरों के चल रहे हैं ; और

(ग) इस दिशा में क्या कार्यवाही की जा रही है ?

स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर): (क) यह ठीक है कि बहुत से अस्पतालों में कर्मचारी कम हैं, परन्तु वे अर्हता प्राप्त डाक्टरों के बिना नहीं चल रहे ।

(ख) ऐसे अस्पताल हैं जहां लाइसेंस प्राप्त डाक्टर परन्तु उनके सम्बन्ध में आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं । उन्हें इकट्ठा किया जायेगा और यथासमय सभा पटल पर रख दिया जायेगा ।

(ग) अधिक से अधिक डाक्टरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है । जैसे जैसे और स्नातक डाक्टर आ रहे हैं और उन्हें वेतन सुविधायें भी दी जा रही हैं, इसलिए आशा है कि यह डाक्टरों सम्बन्धी कमी शनैः शनैः दूर हो जायेगी ।

## समुद्र द्वारा भूमि का कटाव

273. श्री जसवन्त मेहता :
श्री विश्राम प्रसाद :

क्या सिंचाई और विद्युत मंत्री 28 नवम्बर 1963 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या 259 के उत्तर के उल्लेख से यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अमरीकी विशेषज्ञ श्री जार्ज वटस ने सुझाव दिया है कि समुद्र द्वारा भूमि के कटाव का स्थायी हल प्राप्त करने से पूर्व सारी 350 मील की तट रेखा के बारे में व्यापक सामग्री इकट्ठी करनी पड़ेगी ; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस सुझाव पर कोई कार्यवाही की है ?

**सिंचाई और विद्युत मंत्री (डा० कु० ल० राव)** : (क) श्री जार्ज वटस ने केरल के तट से सम्बन्धित बहुत सी चीज़ों को इकट्ठा करने के सुझाव दिये हैं और तट की सुरक्षा के लिए ऐसा करना तीन वर्षों के लिए बड़ा आवश्यक है । इस बीच अन्तरिम समय के लिए कटाव वाले क्षेत्रों के बचाव का प्रबन्ध किया जा रहा है ।

(ख) केरल सरकार ने सामग्री इकट्ठी करने का कार्य आरम्भ कर दिया है । इस व्यापक कार्यक्रम वाली योजना पर 39·08 लाख रुपये खर्च होंगे और इस योजना को योजना आयोग ने स्वीकार कर लिया है । केन्द्रीय जल विद्युत् गवेषणा केन्द्र पूना को सारी एकत्रित सामग्री का समन्वय करने का काम सौंपा गया है । केरल राज्य के इंजीनियरों तथा भारतीय समुद्रीय एकक तथा आई० एम० डी० इत्यादि संस्थाओं की सहायता से यह कार्य किया जा रहा है ।

## राज्यों की बहुमुखी परियोजनायें

274. श्री पें० वेंकटासुब्बया :
श्री विश्राम प्रसाद :
श्री राम सहाय पांडेय :
श्री द्वारका दास मंत्री :
श्री म० ना० स्वामी :

क्या सिंचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के विचाराधीन यह प्रस्थापना है कि प्रत्येक राज्य में राष्ट्रीय परियोजना के रूप में एक सिंचाई अथवा बहुमुखी परियोजना को चुना जाय ; और

(ख) क्या इस सम्बन्ध में अभी तक कोई निर्णय कर लिया गया है ?

**सिंचाई और विद्युत मंत्री (डा० कु० ला० राव)** : (क) और (ख) प्रस्थापनायें विचाराधीन हैं कि विशेष शर्तों पर कर्ज की सहायता दे कर सिंचाई और बहुमुखी परियोजनाओं को चालू किया जाय जिन्हें चतुर्थ योजना में आगे ले जाया जाय और जिसमें 50 प्रतिशत पूर्ण हो जाने पर लाभ की सम्भावना हो ।

**आयकर प्राधिकारियों द्वारा जांच**

275. **श्री हरि विष्णु कामत** : क्या वित्त मंत्री 4 जून, 1964 के तारांकित प्रश्न संख्या 169 के उत्तर के सम्बन्ध में, जो कि आयकर प्राधिकारियों द्वारा एक लाख रुपये के अमान्य चैक के बारे में जांच करने के सम्बन्ध में था जोकि एक कलकत्ते के व्यक्ति ने दिया था, बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अपनी सम्पत्ति छिपाने के लिए सजा की कार्यवाही पूरी कर ली गयी है ; और

(ख) यदि हां, तो इसका परिणाम क्या रहा ?

**वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी)** : (क) और (ख) सजा की कार्यवाही अभी अविलम्बित है । कारण बताइये का नोटिस दे दिया गया है और उसके उत्तर की प्रतीक्षा की जा रही है ।

**दिल्ली का पागलखाना**

276. **श्री हरि विष्णु कामत** : क्या स्वास्थ्य मंत्री 30 अप्रैल 1964 के तारांकित प्रश्न संख्या 1266 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) क्या उचित जांच के बाद यह सिद्ध हो गया था कि आरोप गलत थे

(ख) यदि हां, तो जांच किसने और कैसे की गयी ; और

(ग) यदि आरोप गलत है तो अभियुक्त के दाखिल करने, उसका इलाज करने, मर जाने और उसके निकट सम्बन्धियों को सूचना न देने के बारे में सत्यता क्या है ?

**स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर)** : (क) जी हां ।

(ख) यह जांच एक उप विभागीय दंडाधिकारी शाहदरा ने व्यक्तिगत रूप में आ कर की ।

(ग) तथ्यों सम्बन्धी विवरण सभा पटल पर रखा जाता है । [पुस्तकालय में रखा गया देखिए संख्या एल० टी०-3062 / 64]

**बांस की घास से कैंसर औषध**

277. **श्रीमती सावित्री निगम** : क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) क्या सरकार को इस बात का पता है कि बांस के घास में कैंसर औषध के बहुत ही प्रभावशाली तत्व पाये गये हैं जैसाकि जापान कैंसर तथा कुष्ठ संघ के प्रधान डा० मितसनोबू ओशीमा ने कहा है ; और

(ख) सरकार की इस दिशा में प्रतिक्रिया क्या है ?

**स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर)** : (क) और (ख). पता चला है कि डा० मितसनोबू जोकि जापान के राष्ट्रीय आयोग से सम्बन्धित है गत पांच वर्षों से बांस की घास का पशुओं पर प्रयोग कर रहे हैं। हाल ही में पता चला है कि इस में कुछ कैंसर के उपचार के तत्व हैं। इस तत्व को 'बामफोलिन' का नाम दिया गया है। परन्तु अभी तक इसे विधिवत् स्वीकृत औषध स्वीकार नहीं किया गया। भारत सरकार इस दिशा में हो रही आगे प्रगति पर दृष्टि लगाये है।

## मद्रास नगर के लिए पीने का पानी

278. **श्री सेझियान** :
**श्री धर्मलिंगम** :

क्या **स्वास्थ्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने मद्रास नगर के लिये पीने के पानी की व्यवस्था करने के सम्बन्ध में किसी योजना को अन्तिम रूप दिया है ; और

(ख) यदि हां, तो विस्तार से वह क्या है ?

**स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर)** : (क) और (ख). 17.13 करोड़ रुपये की एक योजना का राज्य सरकार द्वारा परीक्षण किया जा रहा है जिसके द्वारा कावेरी नदी का जल मद्रास नगर को पीने के लिए सम्भरण किया जायेगा।

## दिल्ली क्लाथ मिल

279. **श्री यशपाल सिंह** :
**श्री इन्द्रजीत गुप्ता** :
**श्री कपूर सिंह** :

क्या **स्वास्थ्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1942 में भूतपूर्व सुधार न्यास द्वारा दी गयी भूमि के बारे में दिल्ली क्लाथ मिल के साथ कोई विक्रय पत्र लिखा गया है ;

(ख) क्या जिस भूमि की डी० डी० टी० के कारखाने के लिए अपेक्षा थी, उसे दिल्ली क्लाथ मिल से अर्जित कर लिया गया है ; और

(ग) इस सारी स्थिति के लिये जो अधिकारी उत्तरदायी थे उन के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गयी है ?

**स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर)** : (क) जी हां।

(ख) सरकार 5.135 एकड़ भूमि डी० डी० टी० कारखाने के लिए दिल्ली क्लाथ मिल से लेने का विचार रखती है। यह दिल्ली विकास प्राधिकार के द्वारा होगा, क्योंकि विक्रय पत्र उसके द्वारा लिखा गया है।

(ग) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता।

## दिल्ली विकास प्राधिकार

280. श्री यशपाल सिंह :
श्री इन्द्रजीत गुप्ता :
श्री कपूर सिंह :

क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली विकास प्राधिकार के आरम्भ से ही जो सदस्य थे उन के नाम क्या हैं ;

(ख) क्या उन्हें अथवा किन्हीं संस्थाओं को कोई भूमि दी गयी है जिन के साथ की उनका सम्बन्ध है ; और

(ग) सदस्य अपने अधिकारों को दुरोपयोग न करें इसके लिये क्या संरक्षण रखे गये हैं ?

स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर) : (क) विवरण सभा पटल पर रखा जाता है। [पुस्तकालय में रखा गया देखिए संख्या एल0 टी० 3063/64]

(ख) दिल्ली विकास प्राधिकार ने अपने सदस्यों को कोई भूमि अलाट नहीं की। ये सदस्य किन संस्थाओं से सम्बन्धित हैं, अथवा थे, इस बारे में जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है।

(ग) प्राधिकार के समस्त गैर सरकारी सदस्यों को कहा गया है कि वे दिल्ली विकास अधिनियम 1957 के उपबन्ध के अंतर्गत इस बात का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करे कि उसका प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप में भूमि विकास के व्यवसाय से कोई सम्बध नहीं है।

## चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए दो कमरों के क्वार्टर

281. श्री प्र० चं० बरुआ :
श्री बाल्मीकी :

क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए दिल्ली में क्वार्टर बनाये जायेंगे;

(ख) यदि हां, तो कहां और कितने;

(ग) क्या वर्तमान एक कमरे वाले क्वार्टरों को दो कमरों वालों में बदल दिया जायेगा; और

(घ) यदि हां, तो विस्तार से इस दिशा में योजना क्या है ?

निर्माण और आवास मंत्री (श्री मेहरचन्द खन्ना) : (क) जी हां।

(ख) 432 क्वार्टर तो बन भी चुके हैं और उन्हें पंचकुइयां रोड पर अलाट भी कर दिया गया है। 288 उसी क्षेत्र में बन रहे हैं और इसी चालू वर्ष के अन्त तक अलाटमेंट के लिए उपलब्ध हो जायेंगे।

(ग) नहीं।

(घ) प्रश्न उत्पन्न ही नहीं होता।

अमरीकी निर्यात-आयात बैंक द्वारा दिया गया कर्जा

282. श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :
श्री प्र० चं० बरुआ :
श्री रामेश्वर टांटिया :
श्री बिशन चन्द्र सेठ :
श्री भी० प्र० यादव :
श्री धवन :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अमरीकी सरकार ने 250 लाख डालर का (11.9 करोड़ रुपये) ऋण भारत सरकार को देना स्वीकार किया है, जो कि अमरीका के निर्यात-आयात बैंक द्वारा दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो इस ऋण की शर्तें क्या हैं; और

(ग) और इस ऋण के अन्तर्गत कौन सा विशेष माल आयात किया जायेगा ?

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) : (क) से (ग). 31 अगस्त, 1964 को अमरीका के निर्यात-आयात बैंक ने 250 लाख डालर अर्थात् 11.9 करोड़ रुपये का ऋण भारत को देना स्वीकार किया। यह ऋण 24 निरन्तर अर्द्ध वार्षिक किश्तों में वापिस देना होगा। ये किश्तें 1 जून, 1967 से आरम्भ होंगी और इस पर 5½ प्रतिशत वार्षिक ब्याज लगगा और मूल और ब्याज डालरों में ही अदा किया जायेगा।

यह ऋण इसलिये दिया गया ताकि अमरीका से ही भारत के भेजने के लिए मशीनरी इत्यादि पुर्जे तथा अन्य सम्बद्ध वस्तुयें खरीद की जा सके जिनकी देश के आर्थिक विकास के लिए दोनों सरकारी अथवा गैर-सरकारी क्षेत्रों में अपेक्षा है।

## Drinking water for Punjab

**283. Shri Bagri :** Will the Minister of **Health** be pleased to state whether Government of India have made any provision in the Third Five Year Plan for providing drinking water to Punjab and if so, the amount allocated for this purpose ?

**The Minister of Health ( Dr. Sushila Nayar) :** A total provision of Rs. 355 lakhs under the National Water Supply and Sanitation Programme has been made in the Third Five Year Plan of the Punjab State as under :

(i) Rural Water Supply Scheme Rs. 125 lakhs

(ii) Urban Water Supply and Sanitation Programme Rs. 230 lakhs.

## Beas Project

**284. Shri Bagri :** Will the Minister of **Irrigation and Power** be pleased to state :

(a) the progress so far made on the Beas Project ;

(b) when it is likely to be completed ;

(c) whether any other country has also promised any assistance for this Project ; and

(d) if so, the amount and form of assistance ?

**The Minister of Irrigation and Power (Dr. K. L. Rao):** (a) The Beas Project consists of the Units—Unit I (Beas-Sutlej Link) and Unit II (Pong Dam). The Progress on both the units upto the end of July, 1964 is given below :—

*Unit No. I* (Beas-Sutlej Link)

Preliminary works like exploration of foundations, surveys, acquisition of land, planning and procurement of materials, plant and machinery, are in hand. The construction of staff quarters at Pandoh and Sundarnagar colonies, magazines for explosives, field hostel, store-sheds etc. is in progress.

*Unit No. II* (Beas-Sutlej Link)

The work of exploratory drilling and drilling for test grouting, acquisition of land, planning and procurement of materials, plant and machinery, layouts and designs, is in progress. The two diversion tunnels have been excavated to a combined length of 5617 ft. In addition to the diversion tunnels, the penstock tunnels have been excavated in a length of 1028 ft. Also, about 18 lakhs Cyds. of open cut excavation for penstock tunnels and about 47000 Cyds. of excavation for the dam abutments has been completed. Nearly 19 lakhs Cyds. of earth work for the rail-*cum*-road embankment from Talwara to the dam site has been completed. Bridges are under construction.

A major portion of the staff quarters, more than 2000 in number, and office buildings at Talwara Township have been completed. Work on the shopping centres, field hostels, hospital buildings, more staff quarters and drainage arrangements in Talwara Township is continuing. The construction of various buildings and job facilities at Sansarpur and dam site are also in progress.

(b) The project is scheduled to be completed by 1970-71.

(c) and (d) We have not sought assistance for this project from any foreign country except to meet the foreign exchange requirements which will be covered by a 33 million dollars loan from the USAID and 23 million dollars loan from the International Bank for Reconstruction and Development. The two loans are in an advanced stage of negotiations and are expected to be finalised shortly.

## सिगरेट सम्बन्धी विज्ञापन

285. श्री विद्याचरण शुक्ल :
श्रीमती सावित्री निगम :
श्री म० ला० द्विवेदी :
श्री स० चं० सामन्त :
श्री ज्वाला प्रसाद ज्योतिषी :
श्री हिम्मत सिंहका :

क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान अमरीकी सरकार के उस आदेश की ओर दिलाया गया है जिसके अनुसार आगामी वर्ष से सभी सिगरेट के डिब्बों पर यह चेतावनी अंकित होगी कि "सिगरेट पीना खतरनाक है और इससे कैन्सर का रोग हो सकता है जिससे मृत्यु हो सकती है"; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार भारतीय जनता के स्वास्थ्य की रक्षा करने की दृष्टि से इसी प्रकार के बचाव सम्बन्धी उपाय अपनाने के विषय में विचार कर रही है ?

**स्वास्थ्य मंत्री ( डा० सुशीला नायर ):** (क) भारत सरकार का ध्यान 25 जून, 1964 के हिन्दुस्तान टाइम्स, नई दिल्ली में प्रकाशित उस सम च र की ओर गया है जिसमें अमरीकी फेडरल ट्रेड कमीशन ने इस आशय का एक नियम जारी किया है कि आगामी वर्ष से सारे सिगरेट के डिब्बों पर यह चेतावनी अंकित होनी चाहिये कि "सिगरेट पीना खतरनाक है और इससे कैन्सर आदि रोग हो सकते हैं जिनसे मृत्यु हो सकती है", तथापि भारत सरकार को बताया गया है कि अभी तक अमरीकी सरकार ने सिगरेट के डिब्बों पर सिगरेट से होने वाली हानि सम्बन्धी चेतावनी अंकित करने के लिये नियम लागू नहीं किया है।

(ख) सरकार द्वारा की गई कार्रवाइयां बताने वाला एक विवरण सभा-पटल पर रखा जाता है। [पुस्तकालय में रखा गया । देखिए संख्या एल० टी० 3064/64]।

## नजफगढ़ नाला

286. **श्री अ० ना० विद्यालंकार :** क्या सिंचाई और विद्युत् मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नजफगढ़ नाले सम्बन्धी प्राक्कलनों का कई बार पुनरीक्षण किया गया था जिससे नाले के निर्माण में विलम्ब हो रहा है;

(ख) क्या यह भी सच है कि दोषपूर्ण निर्माण के मामलों की रिपोर्टें की गई थीं और इसमें बहुत धन और सामान बर्बाद हुआ है ;

(ग) यदि हां, तो सरकार ने इस सम्बन्ध में क्या कार्रवाई की है; और

(घ) यह काम कब तक पूरा हो जायेगा ?

**सिंचाई और विद्युत् मंत्री ( डा० कु० ल० राव ):** (क) मूल प्राक्कलन को केवल एक बार पुनरीक्षित किया गया है और इस समय पुनरीक्षित प्राक्कलन पर विचार किया जा रहा है। इससे नजफगढ़ नाले के निर्माण सम्बन्धी कार्य की प्रगति पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है।

(ख) इस प्रकार की कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

(घ) मिट्टी के खुदाई का काम वाले में पानी कम हो जाने के बाद एक महीने की अवधि में पूरा हो जाने की आशा है। निम्नलिखित पुलों पर तेजी से काम चल रहा है और आशा है वे प्रत्येक के सामने दी गई तिथि तक पूरे हो जायेंगे :—

(एक) विजय नगर (पैदल पार करने का पुल) . अक्टूबर, 1964

(दो) राइफल रेन्ज (पैदल पार करने का पुल) . दिसम्बर, 1964

| | |
|---|---|
| (तीन) रोहतक रोड . . . . | खम्भे तैयार हो गये हैं—तारों तथा सीमेन्ट कंक्रीट डाल कर ऊपरी सतह बनाने का काम मार्च 1965 के अन्त तक पूरा हो जायेगा । |
| (चार) रूप नगर (पैदल पार करने का पुल) . | नींव पूरी हो गई है—ऊपरी भाग मार्च 1965 के अन्त तक पूरा हो जायेगा । |

जी० टी० रोड बनने वाले पुल तथा आश्रम में पैदल पार करने का पुल का काम अभी आरम्भ किया जाना है।

### सोने की वस्तुओं का निर्यात

287. श्री बड़े :
श्री यशपाल सिंह :
श्री ओंकारलाल बेरवा :
श्री इ० मधुसूदन राव :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) स्वर्ण नियंत्रण आदेश लागू किये जाने के बाद कितने मूल्य के जेवरात तथा 14 कैरट से अधिक सोने की वस्तुओं का निर्यात किया गया;

(ख) क्या सोने और जेवरात के निर्यात के लिये निर्धारित तिथि समाप्त हो जाने के बाद भी व्यापारियों को इनका निर्यात करने की अनुमति दी जा रही है; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

**वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी)** : (क) 31 जुलाई, 1964 तक 208 लाख रुपये के मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया गया।

(ख) और (ग). जेवरात का निर्यात निम्नलिखित श्रेणियों के अन्तर्गत आता है :—

(एक) जहां सोने का आयात कस्टम्स "बांड" तथा ड्रा बैक योजना के अन्तर्गत जेवरातों के बनाने के लिये किया गया हो;

(दो) जहां जेवरात सोने के आन्तरिक स्टाक से बनाये गये हों और उनका "निर्यात संवर्द्धन योजना" के अन्तर्गत निर्यात किया गया हो; और

(तीन) जहां जेवरात/वस्तुएं 10-1-1963 से पूर्व 14 कैरट से अधिक की शुद्धता के बनाये गये हैं। और उनमें सोने का अंश 40 प्रतिशत से अधिक न हो और उनका निर्यात किया जाना हो।

उपरोक्त (एक) और (दो) के सम्बन्ध में अन्तिम तिथि का प्रश्न ही नहीं उठता क्योंकि इस निर्यात की अनुमति अनिश्चित काल तक के लिये दी गई है। जहां तक उपरोक्त (तीन) का सम्बन्ध है अन्तिम तिथि 31 दिसम्बर, 1964 तक बढ़ा दी गई है। यह रियायत इसलिये दी गई है ताकि नियंत्रण लागू करने से पूर्व बनाये गये जेवरातों को बेचा जा सके।

## सेवा निवृत कर्मचारियों का सरकारी क्वार्टरों में रहना

288. **डा० लक्ष्मीमल सिंघवी :** क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कोई सरकारी कर्मचारी सेवानिवृत्त होने के बाद कितने समय तक सरकारी क्वार्टर में रह सकता है;

(ख) नई दिल्ली में ऐसे कितने सरकारी कर्मचारी हैं जो सेवानिवृत्त होने के बाद एक वर्ष से अधिक समय से सरकारी क्वार्टरों में रह रहे हैं; और

(ग) सरकार उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई करना चाहती है ?

**निर्माण और आवास मंत्री (श्री मेहरचन्द खन्ना):** (क) दो महीने के लिये। यदि किसी अधिकारी को सेवानिवृत्ति से पहले की छुट्टी दी गई हो या एफ० आर० 86 के अधीन उसकी छुट्टी अस्वीकार कर दी गई हो तो वह पूरे औसत वेतन पर छुट्टी की पूरी अवधि के लिये, लेकिन अधिक से अधिक चार महीने के लिये जिसमें सेवानिवृत्ति की दशा में स्वीकृत अवधि शामिल है, सरकारी आवास अपने अधिकार में रखने का हकदार होता है।

(ख) और (ग). चार एलाटी अपने क्वार्टरों में सेवानिवृत्ति से एक वर्ष से अधिक समय से रह रहे हैं। उन्होंने न्यायालय में मुकदमा दायर किया है। इसलिये न्यायाय के निर्णय तक उनके विरुद्ध क्वार्टर खाली करने के लिये की गई कार्यवाही स्थगित की गई है।

## सरकारी क्वार्टरों में मुर्गी पालन

289. **श्री यशपाल सिंह :** क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नई दिल्ली की सरकारी बस्तियों में सरकारी कर्मचारियों ने अपने मकानों के आंगनों में मुर्गीपालन शुरू कर दिया है जिससे कि पड़ौसियों के लिये कठिनाई सी पैदा हो गई है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इसको रोकने के लिये क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

**निर्माण और आवास मंत्री (श्री मेहरचन्द खन्ना):** (क) सरकारी कर्मचारियों द्वारा अपने घरों में मुर्गी पाले जाने पर सरकार को आपत्ति नहीं है। तथापि उन अधिकारियों से यह आशा की जाती है कि वे ऐसा करने के लिये संबंधित अधिकारियों, जैसे कि स्थानीय निकायों आदि से अनुमति लें सरकार का ऐसा विचार नहीं है कि मुर्गीपालन से किसी प्रकार की तकलीफ पैदा होती है।

(ख) ऊपर (क) में बताई गई स्थिति को ध्यान में रखते हुए, सरकार मामले में कोई कार्यवाही करने का विचार नहीं रखती।

**Kalakote and Salal Hydro Electric Project**

290. **Shri Onkar Lal Berwa** : Will the Minister of **Irrigation and Power** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Kalakote and Salal Hydro Electric Power Project in Jammu is being executed ;

(b) if so, the expenditure involved, the generating capacity of the proposed project and when it is likely to be completed ; and

(c) the name of the country with whose financial aid it is being constructed ?

**The Minister of Irrigation and Power (Dr. K. L. Rao)** : (a) The Kalakote Thermal Power Project was taken up for execution in 1961-62 whereas the execution of the Salal Hydro Electric Project has not yet been taken up.

(b) **Kalakote Thermal Power Project** :

The estimated cost of the Project is Rs. 256·13 lakhs for the installation of three units of 7·5 MW each. However, on account of the reduced availability of coal shown as a result of fruther investigations, the questionw hether only two units should be installed now is under consideration. The Project is likely to be completed in the last quarter of 1965.

**Salal Hydro Electric Project** :

The Project report is still under examination. It envisages installation of 5 Nos. of 60 MW generating units in the first stage and addition of 6 Nos. Of 60 MW units in the final stage. The entire scheme is estimated to cost Rs. 6041·50 lakhs.

(c) The Kalakote Thermal Power Project is being financed from Yogoslav Credit.

The Salal Project has not been tied up with any foreign Credit so far.

**ELECTRIC CREMATORIUM FOR DELHI**

291. **Shri Onkar Lal Berwa** : Will the Minister of **Health** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the first electric crematorium is being constructed in Delhi ;

(b) if so, when it would start functioning;

(c) whether the charges have already been fixed ; and

(d) the rate at which electricity would be supplied to it ; and whether it would be less or more than the rate of electricity supplied ordinarily ?

**The Minister of Health (Dr. Sushila Nayar)** : (a) Yes.

(b) January, 1965.

(c) No.

(d) The electricity will be supplied as per Schedule of the D.E.S.U. The rate will be less than the rate of electricity supplied ordinarily.

## SALES TAX

292. **Shri Onkar Lal Berwa :** Will the Minister of **Finance** be pleased to state :

(a) whether the Central Government have informed Delhi traders that sales tax would not be charged on goods sold to traders of Nepal, Bhutan, Sikkim and Tibet ;

(b) if so, the commodities to which this exemption would apply;

(c) whether this exemption would be applicable to goods exported to those countries or only on those retained in India ; and

(d) the maximum limit of goods that can be exempted from the payment of sales tax ?

**The Minister of Finance (Shri T.T Krishnamachari) :** (a) to (d). Delhi traders have been advised, by a press note issued by Delhi Administration, that all goods (without limit of value) sold to dealers of Nepal, Bhutan and Sikkim and ultimately exported to those countries, will be exempt from sales tax on production of land customs receipts in proof of actual export of such goods to the said countries. This note reproduces an order of 1957 and it refers to Tibet through an oversight.

## भाखड़ा बांध

293. **श्री बलजीत सिंह :** क्या सिंचाई और विद्युत् मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भाखड़ा बांध के दाहिनी ओर के बिजली घर को पूरा करने में अब तक क्या प्रगति हुई है ; और

(ख) रूस ने अब तक जो सहायता दी है उसका स्वरूप क्या है ?

**सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० कु० ल० राव) :** (क) बिजली घर के निर्माण के लिये 28 अगस्त, 1964 तक 63,892 सिलेन्डर कंक्रीट दिया जा चुका था जब कि अनुमान के अनुसार 78,000 सिलेन्डर दिये जाने थे। मशीनों के कमरे की दीवारों और 'सर्विस बें' में 'क्रेन बीम्स' आदि का काम चल रहा है और आशा है कि एक मास में पूरा हो जायेगा। पांच 'पेनस्काक' को स्थापित करने का लगभग 10 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। बिजली और मशीनों संबंधी कार्य भी संतोषजनक चल रहा है।

(ख) भाखड़ा के दाहिनी ओर के बिजली घर के लिये जो तकनीकी सहायता और उपकरण रूस ने दिये हैं उनकी अदायगी फरवरी, 1961 तक 11.25 करोड़ रूबल ऋण करार के अन्तर्गत की जायेगी। उपकरणों को संभरित करने के अतिरिक्त रूस हमें बिजली घर के निर्माण, उपकरणों के चलाने आदि में तकनीकी सहायता भी दे रहा है। इसके अतिरिक्त रूस के बिजली घरों और अन्य उपक्रमों में भारतीय कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाता है।

## पंजाब में मकानों की योजनायें

294. **श्री बलजीत सिंह** : क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कम आय वाले वर्ग की, बीच की आय वाले वर्ग की और राजकीय सहायता प्राप्त औद्योगिक गृह योजनाओं की क्रियान्विति के लिये 1963–64 और 1964–65 में अब तक कितनी राशि दी गई है ; और

(ख) उस अवधि में इन योजनाओं में क्या प्रगति हुई ?

**निर्माण और आवास मंत्री ( श्री मेहरचन्द खन्ना )** : (क) और (ख) : एक विवरण संलग्न है । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल.टी. —3065/64] ।

## मद्रास सरकार के कर्मचारियों के लिये वेतन वृद्धि

295. **श्री उम व० राघवन :**
**श्री उमानाथ :**
**श्री सेझियान :**
**श्री राम सहाय पाण्डेय :**

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मद्रास सरकार ने राज्य सरकार के कर्मचारियों को मद्रास राज्य में काम कर रहे केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के बराबर का दर्जा देने के लिये उनके वेतन में वृद्धि करने हेतु वित्तीय सहायता के लिये केन्द्रीय सरकार को लिखा पढ़ी की है ;

(ख) यदि हां, तो क्या मामले में कोई निर्णय किया गया है ; और

(ग) क्या कुछ अन्य राज्यों ने भी केन्द्रीय सरकार को इस प्रकार के अभ्यावेदन भेजे हैं ?

**वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी)** : (क) जी हां । भारत सरकार ने अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में जो वृद्धि की है, मद्रास सरकार ने अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में इसी प्रकार की वृद्धि देने के लिये वित्तीय सहायता मांगी है।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) जी हां । उनके नाम ये हैं : आन्ध्र प्रदेश, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा और राजस्थान ।

## WHITE BREAD AND HEART DISEASE

296. **Shri Mohan Swarup** Will the Minister of **Health** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that white bread prepared from varicus types of flour causes heart disease; and

(b) if so, the reaction of the Ministry of Health in this regard ?

**The Minister of Health (Dr. Sushila Nayar)** : (a) and (b). There is no evidence to indicate that white bread prepared from various types of flour is a cause of heart disease. No scientific data incriminating white bread in the causation of heart disease appears to have so far been published.

### तृतीय योजना

297. **श्री प्र० चं० बरुआ** : क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि तृतीय योजना में योजना की मध्यावधि में लगाये गये अनुमान से भी कहीं कम कार्य होने की संभावना है ; और

(ख) यदि हां, तो किन मुख्य क्षेत्रों में इसकी अधिक कमी होगी और प्रत्येक में कितनी होगी ?

**योजना मंत्री ( श्री ब० रा० भगत )**: (क) और (ख) इस अवस्था पर यह बताना कठिन है कि किन किन क्षेत्रों में उत्पादन मध्यावधि के अनुमानों से कम अथवा अधिक होगा।

### Kothar Dam

298. **Shri Yogendra Jha** : Will the Minister of **Irrigation and Power** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the survey for the construction of the vital 'Kothar Dam, which would provide stability to the Barrage under the Kosi Project, has been completed;

(b) the estimated expenditure to be incurred on the construction of Kotha Dam'; and

(c) when the construction of 'Kothar Dam' is likely to be started and when it would be completed ?

**The Minister of Irrigation and Power (Dr. K. L. Rao)** : (a) No. The investigations are still in progress.

(b) The cost estimate can be prepared only after the investigations are completed and designs prepared.

(c) As the in vestigations are not yet complete, no date can be fixed for commencement of construction or completion of Project.

### प्रधान मंत्री का निवास स्थान

299. { श्री जं० ब० सिंह विष्ट :
श्री प्र० चं० बरुआ :
श्री बागड़ी :

क्या निर्माण और आवास मंत्री मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रधान मंत्री के निवास स्थान के बारे में कोई अन्तिम निर्णय कर लिया गया है ;

(ख) क्या संख्या 1 मोती लाल नेहरू प्लेस, जहां प्रधान मंत्री इस समय रहते हैं, को 10 जनपथ के पड़ौसी मकान से मिलाने का प्रस्ताव है ; और

(ग) यदि हां, तो आवश्यक परिवर्तन करने में क्या खर्च आने की संभावना है ?

**निर्माण और आवास मंत्री (श्री मेहरचन्द खन्ना)**: (क) जी हां।

(ख) प्रधान मंत्री का निवास स्थान 1, मोती लाल नेहरू प्लेस ही रहेगा जो कि उनके पास पहले था जब वे बिना पोर्टफोल्यो के मंत्री थे। उनके सरकारी कार्य और सरकारी अतिथियों के ठहराने के लिये उन्हें 10, जनपथ, जो कि साथ ही है, दे दिया गया है।

(ग) काम अभी जारी है। इसके पूरा होने में लगभग एक महीना और लग जायेगा और उस समय ही लागत का पता लगेगा। हां, इतना कहा जा सकता है कि इस पर कम से कम खर्च किया जा रहा है।

## दिल्ली में झुग्गी झोंपड़ी हटाने की योजना

300. **श्री शिरिशांग किशिंग :**
**श्री प्र० च० बरुआ :**

क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि झुग्गी झोंपड़ी हटाने की योजना के अन्तर्गत आने वाले अधिकांश विस्थापित व्यक्तियों ने, जिनको दिल्ली में मकानों के लिये प्लाट दिये गये थे, अनधिकृत रूप से अपने प्लाट बेच दिये हैं ; और

(ख) यदि हां, तो क्या दिल्ली प्रशासन ने केन्द्रीय सरकार से इस अनधिकृत स्थानान्तरण को दाण्डिक अपराध बनाने के बारे में कोई लिखापढ़ी की है ; और

(ग) इस मांग पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**निर्माण और आवास मंत्री (श्री मेहर चन्द खन्ना)** : (क) झुग्गी और झोंपड़ी हटाने की योजना के अन्तर्गत दिये गये 80 वर्ग गज़ के 3,565 प्लाटों में से, हमारा ऐसा संदेह है कि लगभग 260 व्यक्तियों ने अपने प्लाटों का कब्जा स्थानान्तरण कर दिया है।

(ख) सभी मामलों में दिल्ली नगर निगम ने प्लाटों के ग्रहियों को कारण बताइये, सूचनाएं दे दी हैं। 169 मामलों में एलाटमेण्ट्स रद्द कर दिये गये हैं। सार्वजनिक स्थान (अनधिकृत अधिभोक्ताओं की बेदखली) अधिनियम के अन्तर्गत भी 134 मामलों में सूचनाएं जारी की गई हैं।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

## मक्खियों का उत्पात

301. **श्री चांडक** : क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) दिल्ली निवासियों को अब जो मक्खियों से परेशानी हो रही है उसको दूर करने के लिये क्या उपाय किये गये हैं ;

(ख) क्या विमानों से दवाई फेंक कर मक्खियों को मारने का कोई प्रस्ताव है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**स्वास्थ्य मंत्री ( डा० सुशीला नायर):** (क) दिल्ली नगर निगम नई दिल्ली नगर पालिका और केन्द्रीय स्वास्थ्य शिक्षा विभाग द्वारा मक्खियों को मारने के जो विभिन्न उपाय किये गये हैं वे संलग्न विवरण में दिये हुए हैं। [पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 3066/64] ।

(ख) दिल्ली पर विमानों द्वारा कीटाणु नाशक दवाइयों को फेंकने की कोई प्रस्थापना नहीं है। हां, मक्खियों को बढ़ने से रोकने के लिए कचरा परियों और कूड़े के डिब्बों में डी० डी० टी० और गामक्सिन नियमित रूप से छिड़के जाते हैं।

(ग) विमानों द्वारा दवाइयों को बखेरना वांछनीय नहीं है क्योंकि ये जरूरी नहीं कि दवाइयां मक्खी के स्थानों तक पहुंचे। इसके अतिरिक्त केवल ऊपर से दवाइयां बरसाना मक्खियों को मारने का प्रभावशाली उपाय नहीं है।

## औषधीय पौधों संबंधी समिति

302 { श्री कृष्णपाल सिंह :
श्री श्याम लाल सर्राफ :

क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गुजरात राज्य की औषधीय पौधों उद्योग सम्बन्धी समिति ने यह पता लगाया है कि 'अर्जुन वृक्ष' से तैयार की गई औषधियों से दिल के रोग ठीक हो सकते हैं ; और

(ख) क्या इस दवाई की चिकित्सीय जांच की गई है, और यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला ?

**स्वास्थ्य मंत्री ( डा० सुशीला नायर):** (क) जी, नहीं।

(ख) अर्जुन वृक्षों से तैयार की गई औषधियों का आयुर्वेदिक प्रणाली में काफी प्रयोग किया जाता है। अनेक प्रयोगशालाओं, विशेषत: कलकत्ता के उष्ण कटिबंधीय स्कूल में काफी वैज्ञानिक कार्य किया जा रहा है। यह उन औषधियों में से एक है जिन्हें विस्तृत रूप से अध्ययन करने के लिये स्वास्थ्य मंत्रालय की मिश्रित औषध अनुसंधान योजना में शामिल किया गया है ।

## जीवन बीमा निगम

303. { श्री नी० श्रीकान्तन नायर :
श्री बड़े :
श्री यशपाल सिंह :
श्री उमा नाथ :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जीवन बीमा निगम में पदाधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की संख्या में क्या अनुपात है;

(ख) क्या यह सच है कि जीवन बीमा निगम में दफ्तर के काम के लिये ऐसी मशीनें प्रयोग में लाई जा रही हैं जिनसे कर्मचारियों की संख्या घटती जा रही है ; और

(ग) इस योजना में कितनी विदेशी मुद्रा लगेगी ?

**वित्त मंत्री ( श्री ति० त० कृष्णमाचारी ):** (क) 31 मार्च, 1964 को श्रेणी 1 के अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों में लगभग 6·100 का अनुपात था ।

(ख) निगम ने बम्बई और कलकत्ता में दो इलेक्ट्रानिक संगणक लगाने का निर्णय किया है । इन संगणकों के लगाने के परिणामस्वरूप कर्मचारियों की संख्या घटेगी नहीं ।

(ग) जहां तक जीवन बीमा निगम का संबंध है इस कार्य पर विदेशी मुद्रा खर्च नहीं होगी । क्योंकि संगणकों का भुगतान भारत में रुपयों में किया जाना है ।

**मुरादाबाद में सोने का पकड़ा जाना**

**304. श्री विश्वनाथ पाण्डेय :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1 जुलाई, 1964 को मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश में एक केन्द्रीय सीमा शुल्क दल ने, दो स्थानीय सर्राफों की दुकानों से, 400 तोल से अधिक की खालिस सोने की सलाखें और हजारों रुपयों के 22 कैरेट के सोने के आभूषण बरामद किये ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है और मामले में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

**वित्त मंत्री ( श्री ति० त० कृष्णमाचारी ):** (क) और (ख). 1 जुलाई, 1964 मुरादाबाद के किसी सर्राफ से खालिस सोने की सलाखें ज़ब्त नहीं की गईं थीं । हां, उस तारीख को वहां के दो व्यापरियों से 14 कैरेट से अधिक के 2866 ग्राम और 238 ग्राम के आभूषण बरामद किये गये थे । मामलों के विभागीय न्याय निर्णयन के लिये आवश्यक कार्यवाही की जा ही है ।

**उत्तर प्रदेश में स्वर्णकारों को ऋण**

**305. श्री विश्वनाथ पाण्डेय :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंग कि :

(क) क्य यह सच है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने स्वर्णकारों को छोट उद्योग खुलान के लिय, केन्द्र से ऋण देने के लिये कहा है ; और

(ख) यदि हां, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया हैं ?

**वित्त मंत्री ( श्री ति० त० कृष्णमाचारी ) :** (क) और (ख) भारत सरकार के पत्र जिसमें स्वर्णकारों को रोजगार दिलाने के अपेक्षित धन बताने के लिए कहा गया था, के उत्तर में स्वर्णकारों को उद्योगों में रोजगार प्राप्त करने के लिए और अन्य उत्पादी प्रयोजनों के लिए ऋण मंजूर करनें के लिए, अपनी तुरन्त आवश्यकता 20 लाख रुपये बताई थी । यह ऋण मंजूर कर दिया गया था ।

**Linking of Brahmaputra with Ganga**

**306. { Shri Vishwa Nath Pandey :**
**{ Shri P. K. Deo :**

Will the Minister of **Irrigation and Power** be pleased to refer to the reply

given to Starred Question No. 972 on the 9th April, 1964 and state the time to be taken for linking the Brahmaputra with the Ganga and the estimated cost thereof ?

**The Minister of Irrigation and Power (Dr. K. L. Rao) :** The Tista Multipurpose Barrage Project which, *inter alia*, envisages the linking of the Brahmaputra with the Ganga is still to be finalised. It is, therefore, not possible at this stage to indicate what time the linking will take and what cost it will involve.

## कृषि प्रयोजनों के लिये सहायता

307. **श्री रामचन्द्र उलाका :**
**श्री धुलेश्वर मीना :**
**श्री रामेश्वर टांटिया :**

क्या योजना मंत्री 30 अप्रैल 1964 के तारांकित प्रश्न संख्या 1255 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने योजना आयोग की कृषि सम्बन्धी तालिका द्वारा दिये गये इस आशय के सुझावों पर विचार कर लिया है कि केन्द्रीय सरकार द्वारा राज्यों में कृषि प्रयोजनों के लिये दी जाने वाली सहायता केवल उनके उत्पादन की मात्रा के आधार पर ही दी जानी चाहिये ; और

(ख) यदि हां, तो क्या निर्णय लिया गया है ?

**योजना मंत्री ( श्री ब० रा० भगत ):** (क) और (ख): मामला अभी तक विचारारधीन है ।

## एम० बी० बी० एस० पाठ्यक्रम

308. **श्री रिशांग किशिंग** : क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) चालू शिक्षा वर्ष के लिए संघ राज्य क्षेत्रों से प्रिमेडीकल और एम० बी० बी० एस० पाठ्यक्रमों में अध्ययन के लिए कुल कितने प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए हैं ;

(ख) इन दोनों पाठ्यक्रमों के लिए प्रत्येक राज्य को पृथक पृथक कितने स्थान दिये गये हैं ; और

(ग) यह सरकार यह समझती है कि इस प्रकार आवंटित किये गये ये स्थान संघ राज्य क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये पर्याप्त होंगे ?

**स्वास्थ्य मंत्री ( डा० सुशीला नायर ) :** (क) प्रिडमेडिकल और एम० बी० बी० एस० पाठ्यक्रनों के लिए संघ राज्य क्षेत्रों से (दिल्ली, पांडिचेरी, गोआ, दमन और दीव के अतिरिक्त) 410 प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए थे ।

(ख) शिक्षा वर्ष 1964–65 के लिये इन दोनों पाठ्यक्रमों के लिये पृथक पंथक

राज्य-क्षेत्रों को आवंटित किये गये स्थानों की संख्या निम्नलिखित है :—

| संघ राज्य क्षेत्र का नाम | आवंटित किये गये स्थान | |
|---|---|---|
| | प्रि-मेडिकल | एम० बी०बी०एस० |
| हिमाचल प्रदेश . . | 2 | 31 |
| मणिपुर . | 25 | 11 |
| त्रिपुरा . . | 17 | 7 |
| नेफा . . . | 3 | 2 |
| अन्दमान तथा निकोबार द्वीपसमूह . | 2 | 1 |
| लक्कादीव, मिनिकाय और अमिनदिव द्वीपसमूह | 4 | —— |
| योग . . . | 53 | 52 |

(ग) जी, हां, उपलब्धि को देखते हुए ।

## Old Secretariat Building

**309. Shri Naval Prabhakar :** Will the Minister of **Works and Housing** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that there is a scheme to remodel Old Secretariat building in Delhi;

(b) if so, the details of the scheme; and

(c) the names of office buildings of Delhi Administration which are proposed to be reconstructed?

**The Minister of Works and Housing (Shri Mehr Chand Khanna) :** (a) No such scheme has been received.

(b) and (c). Do not arise.

## बड़ी परियोजनायें

**310. श्री गोकुलानन्द महन्ती** : क्या योजना मंत्री यह बतान की कृपा करेंगे कि :

(क) विभिन्न राज्यों की ऐसी कितनी बड़ी परियोजनायें हैं जिनमें प्रथम पंचवर्षीय योजना में कार्य प्रारम्भ कर दिया गया था परन्तु जो अभी तक भी पूरी नहीं हुई हैं ;

(ख) उन परियोजनाओं के पूरा होने के लिये निर्धारित तिथियां कौन सी हैं ; और

(ग) इन परियोजनाओं की प्रारम्भिक तथा वर्तमान बढ़ी हुई अनुमानित लागत कितनी कितनी है ?

**योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत )**: (क) से (ग). एक विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिए संख्या एस० टी० 3067/64]।

## सरसों का तेल

311. **श्री जो० ना० हजारिका :** क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या स्वास्थ्य विज्ञान तथा लोक स्वास्थ्य की अखिल भारतीय संस्था, कलकत्ता के एक आहार-पोषण सम्बन्धी विशेषज्ञ ने हाल ही में यह घोषणा की थी कि खाना पकाने में सरसों के तेल का उपयोग स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है और इसके उपयोग से हृद्रूतक-धमनी की तथा प्रमस्तिष्कीय थॉम्बॉसिस जैसी बीमारियां हो जाती हैं ; और

(ख) यदि हां, तो क्या अन्य विशेषज्ञों द्वारा इस बात की पुष्टि करने के सम्बन्ध में कोई कार्यवाही की गई है जिससे कि निरोधात्मक कार्यवाही की जा सके ?

**स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर) :** (क) और (ख). स्वास्थ्य विज्ञान तथा लोक स्वास्थ्य की अखिल भारतीय संस्था, कलकता के एक अधिकारी ने, जिसने कि अगस्त 1964 में आहार-पोषण के विषय से सम्बन्धित वैज्ञानिक स्तर की कलकत्ता में हुई एक बैठक में भाग लिया था, चर्चा के दौरान यह कहा था कि खाना पकाने के एक माध्यम के रूप में मूंगफली का तेल अथवा तिल का तेल सरसों के तेल से कहीं अधिक अच्छा है तथा सरसों के तेल के चरपराहट वाला तथा गहरे रंग का होने के कारण इसमें ऐसे पदार्थों का सरलता से मिश्रण किया जा सकता है जो कि वास्थ्य के लिये हानिकारक होते हैं । तिल के तेल तथा मूंगफली के तेल में असंतृप्त चिकनाई वाले अम्लों की प्रतिशत मात्र अधिक होती है और इसलिये ये एथेरोस्क्लेरोसिस के निरोध के लिए अधिक अच्छा है ।

सरसों के तेल में एग्रेमोन के बीजों और खनिज तेल का अपमिश्रण पाया गया है और ये दोनों ही पदार्थ विषाक्त हैं । खाद्य अपमिश्रण निरोध सम्बन्धी नियमों के अन्तर्गत सरसों के तेल का स्तर निर्धारित कर दिया गया है और उसमें एग्रेमोन के बीजों के तेल अथवा अन्य किसी प्रकार के तेल को मिलाने की अनुमति नहीं है ।

## मेडिकल कालेजों में दाखिला

312. **श्री जो० ना० हजारिका :** क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) भारतीय मेडिकल कालेजों में दाखिले के लिये वैदेशिक-कार्य मंत्रालय द्वारा विदेशों के कितने विद्यार्थी भेजे गये

(ख) उनमें से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिये कितने विद्यार्थी हैं ;

(ग) अब तक उनमें से वास्तव में कितने विद्यार्थियों को दाखिला दे दिया गया है ; और

(घ) दोनों पाठ्यक्रमों के लिये ऐसे कुल कितने स्थान हैं जिनका नियंत्रण भारत सरकार के हाथों में है ?

**स्वास्थ्य मंत्री ( डा० सुशीला नायर ) :** (क) (ख) और (घ). 1964-65 के दौरान पूर्व-स्नातक तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में भारतीय उद्भव के विदेशों में रहने वाले सांस्कृतिक विद्यार्थियों/निजी स्ववित्तपोषी विद्यार्थियों तथा निजी स्ववित्तपोषी विदेशी

विद्यार्थियों के लिये भारत सरकार के द्वारा निम्नलिखित स्थान सुरक्षित रखे गये थे :—

(एक) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम . . . . शून्य

(दो) स्नातक-पूर्व पाठ्यक्रम . . . . 92

इसके अतिरिक्त प्रारम्भ में कोलम्बो योजना के अधीन सुरक्षित किये गये 16 स्थान 1964-65 के दौरान वैदेशिक-कार्य मंत्रालय द्वारा भेजे गये पूर्व-स्नातक विद्यार्थियों के लिये उपलब्ध कर दिये गये थे। इस प्रकार भारत से बाहर के विद्यार्थियों के लिये 114 स्थानों की व्यवस्था कर दी गई थी। 1964–65 के दौरान इसमें से शिक्षा मंत्रालय ने 26 विद्यार्थियों को सांस्कृतिक विद्यार्थियों के रूप में भेजा था तथा शेष (88) स्थानों के लिये वैदेशिक-कार्य मंत्रालय ने 260 भारतीय उद्‌भव के विदेशों में रहने वाले स्ववित्तपोषी विद्यार्थियों और निजी स्व-वित्तपोषी विदेशी विद्यार्थियों को भेजा था। ये सभी विद्यार्थी पूर्व-स्नातक पाठ्यक्रम के लिये भेजे गये थे।

(ग) 1964–65 के दौरान जितने विद्यार्थियों को प्रवेश ले लेने के लिये कहा गया है और जिन्होंने अब तक वास्तव में दाखिला ले लिया है उनकी संख्या निम्नलिखित है :—

| | अब तक जितने विद्यार्थियों ने वास्तव में प्रवेश ले लिया है उनकी संख्या | जिन विद्यार्थियों को प्रवेश ले लेने का प्रस्ताव किया गया था उनकी संख्या |
|---|---|---|
| सांस्कृतिक विद्यार्थी | 22 | 26 |
| भारतीय उद्‌भव के विदेशों में रहने वाले स्व-वित्तपोषी विद्यार्थी तथा निजी स्व-वित्तपोषी विदेशी विद्यार्थी | 48 | 88 |
| योग . . | 70 | 114 |

**चलचित्र 'संगम'**

313. **श्रीमती ज्योत्सना चन्दा :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) यूरोप में चलचित्र 'संगम' की शूटिंग करने के लिये उसके निदेशक को कितनी विदेशी मुद्रा की मंजूरी दी गई थी; और

(ख) सरकार ने किन आधारों पर विदेशी मुद्रा की मंजूरी दी थी ?

**वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) :** (क) मैसर्स आर० के० फिल्म्स एण्ड स्टूडियोज बम्बई को विदेशों में अपने चलचित्र 'संगम' की शूटिंग करने के लिये 3 लाख 30 हजार रुपये की विदेशी मुद्रा की मंजूरी दी गई थी।

(ख) कम्पनी की गत समय में अपने चलचित्रों के निर्यात के द्वारा की गई भारी आय को देखते हुए और इस चलचित्र पर बहुत सी विदेशी मुद्रा को अर्जित करने के उनके आश्वासन को ध्यान में रखते हुए विदेशी मुद्रा दी गई थी। इस चलचित्र के लोक-प्रदर्शन के समय यह अनुबन्ध किया गया था कि इस चलचित्र को भारत में प्रदर्शित करने के लिये तब तक अनुमति नहीं दी जायेगी जब तक कि चलचित्र के निर्यात से 12 लाख रुपये के मूल्य की विदेशी मुद्रा अर्जित न हो जाये। इस आश्वासन को कम्पनी ने पूरा कर दिखाया है।

## दिल्ली में सुनार

314. **श्री शिवचरण गुप्त :** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में कितने सुनारों ने रोजगार दफ्तरों में अपना पंजीयन कराया है ;

(ख) उनमें से कितनों को नौकरियां दिला दी गई हैं अथवा उनके पुनर्वास के लिये अन्य कोई सहायता प्रदान की गई है ; और

(ग) इस प्रयोजन के लिये दिल्ली के लिये कितना रुपया निर्धारित किया गया था तथा अब तक कितना व्यय हुआ है ?

**वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) :** (क) 31 जुलाई, 1964 तक 711 ।

(ख) उस तिथि तक 45 को नौकरियां दिला दी गई थीं और 72 को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं तथा 6 को पोलीटेकनिक संस्थाओं में दाखिला दिला दिया गया था।

(ग) अब तक 8 लाख रुपये की धन राशि मंजूर की गई है। इसमें से 2,68,500 रुपये व्यय हो चुके हैं।

## दिल्ली में झुग्गी झोंपड़ी योजना

315. **श्री शिवचरण गुप्त :**
**श्री बागड़ी :**
**श्री दलजीत सिंह :**

क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में झुग्गी-झोंपड़ी योजना को क्रियान्वित करने के लिये सरकार ने दिल्ली नगर निगम को 1961–62, 1962–63 और 1963–64 में कितना रुपया दिया था ;

(ख) 1961–62, 1962–63 और 1963–64 में कितने परिवारों का पुनर्वास किया गया था ;

(ग) 1964–65 में कितने परिवारों का पुनर्वास किये जाने की सम्भावना है और कितने मकानों की जमीन आवंटन के लिये इस समय तैयार है और कितने की 31 मार्च, 1965 तक तैयार हो जाने की संभावना है ;

(घ) क्या रेलवे की भूमियों के आस पास पड़े हुए 2700 परिवारों को उठाने के कार्य को कोई पूर्ववर्तिता दी जायेगी ; और

(ङ) झुग्गियों और झोंपड़ियों में रहने वाले परिवारों को उठाने के बारे में आम नीति क्या है ?

निर्माण और आवास मंत्री ( श्री मेहरचन्द खन्ना ): (क)

| | लाख रुपये |
|---|---|
| 1961–62 | 78.96 |
| 1962–63 | 163.84 |
| 1963–64 | 135.72 |
| योग | 378.52 |

(ख) और (ग). जुलाई, 1964 तक, झुग्गी झोंपड़ी हटाओ योजना के अधीन 10808 परिवारों को मकानों के लिए जमीनें/मकान दे दिये गये हैं। 2260 और प्लाट दिये जाने के लिए तैयार हैं और आशा की जाती है कि 31 मार्च, 1965 तक 15,500 और मकानों की जमीनें विकसित हो जायेंगे। आशा की जाती है कि अगस्त, 1964 से लेकर मार्च 1965 की अवधि के दौरान लगभग 12,500 धरना मारकर बैठे परिवारों के लिये वैकल्पिक आवास स्थान की व्यवस्था की कर दी जायेगी।

(घ) रेलवे की जमीनों पर धरना मार कर बैठने वालों को रेलवे मंत्रालय द्वारा बताई गई पूर्ववर्तिता के अनुसार उन स्थानों से हटाया जा रहा है।

(ङ) सरकारी जमीनों पर धरना देकर रहने वालों को खण्ड-वार सफाई कार्यक्रम के अन्तर्गत उन स्थानों से निकाला जाता है। ऐसे व्यक्तियों को पहले विभिन्न झुग्गी-झोंपड़ी कॉलोनियों में 25 वर्ग गज वाले शिविर स्थानों पर ले जाया जाता है बाद में, जिन व्यक्तियों ने जुलाई, 1960 से पहले से धरना देकर रहना प्रारम्भ किया था और वे सरकारी कर्मचारी नहीं हैं तथा प्रव्रजक श्रमिक हैं उन्हें 80 वर्ग गज वाले प्लाटों अथवा मकानों में, जब भी कभी वे उपलब्ध होते हैं, उठा कर बैठा दिया जाता है।

## तृतीय योजना में विदेशी सहायता का उपयोग

316. श्री शिवचरण गुप्त :
श्री बागड़ी :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तृतीय पंचवर्षीय योजना की विभिन्न योजनाओं के लिये भिन्न-भिन्न देश अब तक कितनी विदेशी सहायता देने के लिये सहमत हुए हैं ;

(ख) उसमें से अब तक कितनी सहायता का प्रयोग किया जा चुका है ; और

(ग) कितनी अप्रयुक्त सहायता शेष है और तृतीय योजना की कालावधि में इसके प्रयोग में लाये जाने की क्या संभावनायें हैं ?

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी): (क) से (ग). तृतीय योजना के लिये विभिन्न देशों/संस्थाओं द्वारा प्राधिकृत विदेशी सहायता की राशि, वह राशि जिस के लिये आर्डर दिये गये हैं भुगतान किये गये धन की राशि तथा सहायता की शेष राशि दर्शाने वाला एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है। [पुस्तकालय में रखा गया। देखिए संख्या एल०टी०—3068/64]

जहां तक शेष राशि के प्रयोग में लाये जाने की सम्भावना का सम्बन्ध है आशा है कि विदेशी सहायता को प्रयोग में लाने सम्बन्धी समिति की सिफारिशों पर भारत सरकार द्वारा किये गये निर्णयों को कार्यरूप देने के परिणामस्वरूप विदेशी सहायता को प्रयोग में लाने की गति अग्रेतर बढ़ेगी तथापि, इसमें से कुछ सहायता का प्रयोग चतुर्थ योजना काल में किया जाएगा ।

**दिल्ली में आय-कर देने वाले**

317. **श्री शिवचरण गुप्त :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली में आय-कर देने वालों की संख्या क्या है ;

(ख) दिल्ली में वर्ष 1950–51, 1955–56, 1960–61 तथा 1963–64 में आय-कर की वार्षिक मांग क्या थी ;

(ग) वर्ष 1962–63 तथा 1963–64 के कर देने वालों सम्बन्धी कितने मामले विभाग में अभी लम्बित हैं ; और

(घ) 31 मार्च, 1962, 31 मार्च, 1963 तथा 31 मार्च, 1964 को बकाया कर की राशियां क्या क्या थीं ?

**वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी):** (क) 1–4–1964 को 1,03,469।

| | | लाख रुपये |
|---|---|---|
| (ख) | 1950–51 . . | 3,29 |
| | 1955–56 . . . | 5,90 |
| | 1960–61 . . . | 7,47 |
| | 1963–64 . . . | 16,00 |
| (ग) | 1962–63 1–4–1964 को 14,375 | |
| | 1963–64 1–4–1964 को 52,087 | |

(घ) सक्रिय बकाया राशि निम्न प्रकार है :—

| | लाख रुपये | |
|---|---|---|
| 31–3–1962 . . . | 6,15 | |
| 31–3–1963 . . | 5,98 | |
| 31–3–1964 . | 6,70 | (अस्थायी) |

**हौजरी वस्तुओं पर बिक्री कर**

318. **श्री शिवचरण गुप्त :** क्या वित्त मंत्री 4 जून, 1964 को दिये गये अतारांकित प्रश्न संख्या 431 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस बीच में दिल्ली में हौजरी वस्तुओं पर बिक्री कर की छूट देने के बारे में कोई निर्णय किया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है ?

**वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी)**: (क) जी हां ।

(ख) इस तथ्य को देखते हुए कि दिल्ली में हौज़री वस्तुओं पर कर एक प्रतिशत लगता है जब कि आस-पास के राज्यों में इसी माल पर कर की दर काफी अधिक है, यह निर्णय किया गया है कि दिल्ली में इस माल पर कर की छूट न दी जाय ।

**समवायों के सन्तुलन-पत्र**

**319. श्री हरि विष्णु कामत** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 7 अगस्त, 1964 को नई दिल्ली में हुए निगम प्रबन्ध अनुसन्धान सम्बन्धी सम्मेलन में माननीय मंत्री द्वारा दिये गये भाषण की खबर ठीक है जिसमें उन्होंने कहा बताया गया है कि सरकारी क्षेत्र के उपक्रम गलत सन्तुलन-पत्र तैयार करते हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इन त्रुटियों को दूर करने के लिये क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

**वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी)**: (क) यह कहा गया था कि समवायों द्वारा तैयार किये जाने वाले सन्तुलन-पत्र प्रायः गलत होते हैं परन्तु यह स्पष्ट कर दिया गया था कि यह तथ्य सरकारी एवं गैर-सरकारी दोनों क्षेत्रों के समवायों के बारे में है ।

(ख) लेखा परीक्षा के क्षेत्र को अधिक विस्तृत बनाने के बारे में विचार किया जा रहा है ताकि यह अधिक प्रभावकारी हो और इस से सुनिश्चित हो सके कि लेखापरीक्षित सन्तुलन-पत्र ठीक हैं ।

**दामोदर घाटी निगम**

**320. श्री मुहम्मद इलियास** : क्या सिंचाई और विद्युत् मंत्री यह बताने की प करेंगे कि :

(क) क्या दामोदर घाटी निगम और अन्य अभिकरणों द्वारा विद्युत् संभरण के बारे में दामोदर घाटी निगम अधिनियम के संविहित उपबन्धों का पालन किया जा रहा है ; और

(ख) क्या दामोदर घाटी निगम एवं अन्य अभिकरणों द्वारा ऐसे उपबन्धों का उल्लंघन करने सम्बन्धी मामले सामने आये हैं ?

**सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० कु० ल० राव)** : (क) जी हां ।

(ख) पश्चिम बंगाल तथा बिहार के राज्य विद्युत् बोर्डों ने एवं दुर्गापुर इस्पात परियोजना प्राधिकारियों ने दामोदर घाटी निगम को बता कर और योजना आयोग की अनुमति प्राप्त कर के या तो घाटी के अन्दर कुछ विद्युत् स्टेशनों तथा पारेषण तन्तु-पथों का निर्माण किया है या कर रहे हैं । सम्बद्ध पक्षों द्वारा विशेष तौर पर अनुरोध न किये जाने के कारण निगम द्वारा कुछ मामलों में औपचारिक रूप से अनुमति नहीं दी गयी । परन्तु सरकार को विश्वास है कि अनुरोध किये जाने पर अनुमति अवश्य दे दी जायेगी ।

**State Health Ministers' Conference**

**321. Shri Tan Singh** : Will the Minister of **Health** be pleased to state :

(a) the recommendation's made by the fourth Conference of the State Health Ministers held in April 1964; and

(b) the reaction of the Central Government thereto ?

**The Minister of Health (Dr. Sushila Nayar)** : (a) and (b). A copy of the resolutions passed at the Fourth Southern Regional Health Ministers' Conference held in April 1964, is attached. [*Placed in Library*. See *No. LT* 3069/64]

It will be seen that the Conference covered a variety of subjects. Most of the recommendations are for the consideration of the State Government. The views of the Central Government have been indicated against resolutions Nos. I, II, III, IV, V, XII, XIII, XIV, XV, XVI, XIX, XXI, XXII and XXIII (d).

**केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के औषधालय**

322. **श्री इ० मधुसूदन राव :**
**श्री विश्राम प्रसाद :**

क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1963 में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के वास्तविक रोगियों से इस योजना के औषधालयों में काम करने वाले डाक्टरों के विरुद्ध कितनी और किस प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुईं ;

(ख) उन शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गयी ; और

(ग) वर्ष 1962 या उस से पहले की कुछ ऐसी शिकायतें भी हैं जिन पर अभी कोई कार्यवाही नहीं की गयी है ?

**स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर)** : (क) वर्ष 1963 में 119 शिकायतें प्राप्त हुईं। वह शिकायतें निम्न प्रकार की थीं : —

| | |
|---|---|
| (1) अशिष्ट/ध्यान न देने वाला बर्ताव . . . | 27 |
| (2) रोगी को उस के घर पर देखने के लिये जाने से इन्कार/हिचकिचाहट/देरी . . . . | 26 |
| (3) औषधियों का न दिया जाना/देरी से दिया जाना | 8 |
| (4) रोगियों को देखने में देरी करना . . | 27 |
| (5) रोगियों के मामलों को विशेषज्ञों को निर्दिष्ट न करना | 5 |
| (6) इलाज के परिणामों से उत्पन्न असन्तोष | 22 |
| (7) थोड़े समय के लिए चिकित्सकों की अनुपस्थिति . | 4 |
| कुल . . . . | 119 |

(ख) घटना-स्थल पर, जहां आवश्यक समझा गया, अधिकारियों द्वारा शिकायतों के बारे में जांच की गयी। जहां कहीं प्रक्रिया सम्बन्धी त्रुटियां पाई गईं उन्हें ठीक किया गया। 25 मामलों में सम्बद्ध चिकित्सा अधिकारियों को चेतावनी दी गयी और उन्हें अन्य औषधालयों में स्थानान्तरित

किया गया । जांच 19 मामलों के बारे में की गयी चूंकि कुछ चिकित्सा अधिकारी सरकारी नौकरी छोड़ गये थे, कुछ मामलों के बारे में विशेष ब्योरे उपलब्ध नहीं थे और कुछ शिकायतों को वापस ले लिया गया था । जांच करने के पश्चात् 75 मामलों को रद्द कर दिया गया था ।

(ग) जी नहीं ।

**तीन पैसे का सिक्का**

324. **डा० महादेव प्रसाद** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार निकट भविष्य में तीन पैसे का नया सिक्का चालू करने का है ; और

(ख) यदि हां, तो इस के क्या कारण हैं ?

**वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी)** : (क) जी हां ।

(ख) आशा है कि 3 पैसे का सिक्का जारी करने से एक पैसे के सिक्के की मांग कम हो जायेगी । एक पैसे का सिक्का मितव्ययिता की दृष्टि से भी हानिकर पाया गया है । इस का अब महत्व भी नहीं रहा । इसके अतिरिक्त टकसालों की क्षमता का 40 प्रतिशत भाग इसी सिक्के में काम आ जाता है ।

**पंचकुईं रोड, नई दिल्ली पर क्वार्टर**

329. **श्री इ० मधुसूदन राव** : क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकारी कर्मचारियों के कुछ श्रेणियों के क्वार्टर पंचकुईं रोड, नई दिल्ली के निकट बनाये जा रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो वहां कितने और किन श्रेणियों के क्वार्टर बनाये जा रहे हैं ; और

(ग) यह क्वार्टर अलाटमेंट के लिये कब तैयार हो जायेंगे ?

**निर्माण, और आवास मंत्री (श्री मेहरचन्द खन्ना)** : (क) और (ख). जी हां । चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिये टाईप I के 720 क्वार्टर बनाये जा रहे हैं ।

(ग) 432 क्वार्टर पूरे हो चुके हैं और अलाट किये जा चुके हैं । आशा है शेष 288 क्वार्टर चालू वर्ष के अन्त तक तैयार हो जायेंगे और अलाट कर दिये जायेंगे ।

**रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली में क्वार्टर**

326. **श्री ई० मधुसूदन राव** : क्या निर्माण और आवास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रामकृष्णपुरम् में कर्मचारियों के लिये कुछ हजार क्वार्टर तैयार पड़े हैं और उन्हें अभी तक अलाट नहीं किया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस के क्या कारण हैं और यह कब तक अलाट कर दिये जायेंगे ?

**निर्माण और आवास मंत्री (श्री मेहर चन्द खन्ना)** : (क) जी नहीं । ज्यों ही क्वार्टर तैयार हो जायेंगे और उनमें विद्युत् एवं जल की व्यवस्था हो जायेगी उन्हें अलाट कर दिया जायेगा ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

## मृत्यु दर

327. **श्री इ० मधुसूदन राव** : क्या **स्वास्थ्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि तपेदिक तथा मलेरिया जैसे रोगों पर काबू पाने के परिणामस्वरूप मृत्यु दर में पर्याप्त कमी हुई है ; और

(ख) यदि हां, तो इस में कितने प्रतिशत कमी हुई ?

**स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशीला नायर)** : (क) जी, हां । विशेष रूप से मलेरिया से ।

(ख) नयी औषधियों के प्रयोग में आने से पहले प्रतिवर्ष प्रति 1,00,000 व्यक्तियों में से 200 व्यक्ति तपेदिक से मरते थे । पंजाब के गांवों में हाल में किये गये एक सर्वेक्षण से पता चला है कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिवर्ष प्रति 1,00,000 व्यक्तियों में से लगभग 100 व्यक्तियों की मृत्यु होती है । मदनपल्ली क्षेत्र में, जहां गत 12 वर्षों से तपेदिक पर सामूहिक रूप से नियंत्रण का कार्य हो रहा है प्रतिवर्ष मलेरिया से प्रति 1,00,000 व्यक्तियों में 20 व्यक्तियों की मृत्यु होती है ।

2. मलेरिया के विस्तार तथा मृत्यु दर का अनुमान आनुपातिक रोगी दर के आधार पर लगाया जाता है, अर्थात् अस्पतालों तथा औषधालयों में सब प्रकार के जितने रोगियों का उपचार होता है उन में मलेरिया के रोगियों की संख्या कितनी है । भारत में बड़े पैमाने पर कोई मलेरिया नियंत्रण/उन्मूलन कार्यक्रम आरम्भ करने से पहले वर्ष 1935 में मलेरिया से 1 प्रतिशत व्यक्तियों की मृत्यु होने का अनुमान था यह दर वर्ष 1952 में 0.75 प्रतिशत बताई गई है । आनुपातिक दर वर्ष 1953–54 में 10.8 प्रतिशत से घट कर वर्ष 1963–64 में 0.23 प्रतिशत हो गई थी । इस प्रकार इस दर में 98.5 प्रतिशत कमी हुई है । अब मलेरिया रोग से मरने वालों की संख्या नहीं के बराबर है । आजकल बहुत कम लोग मलेरिया से मरते हैं ।

3. देश में राष्ट्रीय चेचक उन्मूलन कार्यक्रम लागू करने से चेचक से मरने वालों की कथित संख्या वर्ष 1950–51 में प्रति 1,00,000 व्यक्तियों में 16.06 व्यक्ति से घट कर वर्ष 1957–58 में 9.59 व्यक्ति और 1963–64 में और कम हो कर प्रति 1,00,000 व्यक्तियों में से 1.62 व्यक्ति रह गई ।

## पलाई सेन्ट्रल बैंक

328. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री** : क्या **वित्त** मंत्री 12 मार्च, 1964 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1112 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस बीच पलाई सेन्ट्रल बैंक की परिसमापन सम्बन्धी कार्यवाही पूरी हो गई है ;

(ख) अब तक जिन लोगों के बैंक में खाते थे उन्हें अब तक कुल कितनी राशि दी जा चुकी है और यह कुल जमा राशि का कितना प्रतिशत है ;

(ग) परिसमापकों के पास रुपये में छः पैसे की तीसरी किस्त को भुगतान के बाद कितनी राशि रह जायेगी ; और

(घ) खातेदारों को अन्तिम भगतान कब तक किया जायेगा ?

**वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी)**: (क) जी, नहीं ।

(ख) 2,84,50,116 जो कुल जमा राशि का 62 प्रतिशत भाग है ।

(ग) और (घ). चूंकि अभी तक वर्ष 1959 से 1963 तक का आयकर का अन्तिम निर्धारण नहीं किया गया है, अतः इस समय उस राशि का अनुमान लगाना संभव नहीं है जो लाभांश की तीसरी किस्त का भुगतान करने के बाद शेष रह जायेगी। चूंकि अभी निदेशकों के विरुद्ध अकरण संबंधी मामला चल रहा है अतः यह नहीं कहा जा सकता कि लाभांश की अन्तिम किस्त कब तक दी जायेगी तथापि यह प्रयत्न किया जायेगा कि आवश्यक धन उपलब्ध होने पर लाभांश की एक या अधिक अतिरिक्त किस्त उन लोगों को देने की घोषणा की जाये जिन का रुपया बैंक में जमा था ।

## बोकारो और दुर्गापुर बिजली घर

329. **श्री मुहम्मद इलियास :**
**श्री इन्द्रजीत गुप्त :**
**श्रीमती रेणु चक्रवर्ती :**

क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बोकारो और दुर्गापुर में, दामोदर घाटी निगम के 75 मेगावाट बिजली पैदा करने वाले तीन नये एककों में से प्रत्येक कितनी बार खराब हुआ और इस के क्या कारण हैं ; और

(ख) इस प्रकार की खराबी के फलस्वरूप बिजली की क्षमता में कितनी कमी हुई और ऐसे अवसरों पर स्थिति का सामना कैसे किया गया तथा इस पर कितनी अतिरिक्त राशि व्यय हुई ?

**सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० कु० ल० राव)**: (क) इन तीन नये 75 मेगावाट बिजली पैदा करने वाले एककों को स्थापित करने के बाद निम्नलिखित अवसरों पर बन्द करना पड़ा :

| | | |
|---|---|---|
| बोकारो (चौथा एकक) | . | 29 (अगस्त, 1964 तक) |
| दुर्गापुर (पहला एकक) | . | 22 (जुलाई, 1964 तक) |
| दुर्गापुर (दूसरा एकक) | | 23 (जुलाई, 1964 तक) |

(ख) इस खराबी के कारण हुई क्षमता में कमी का ठीक ठीक निर्धारण नहीं किया गया है । कमी को दामोदर घाटी निगम के अन्य 'थर्मल' और 'हाइडल' एककों की क्षमता में वृद्धि करके, सिंदरी तथा रिहिन्द बांध परियोजना से विनिमय आधार पर बिजली लेकर तथा कुछ अवसरों पर 'लोड' में कमी करके पूरा किया गया । इसमें कोई अतिरिक्त राशि व्यय नहीं हुई ।

**तेनुघाट बांध**

330. **श्री मुहम्मद इलियास :**
**श्री इन्द्रजीत गुप्त :**
**श्रीमती रेणु चक्रवर्ती :**

क्या **सिंचाई और विद्युत्** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या यह सच है कि दामोदर घाटी निगम के बजाय बिहार सरकार दामोदर नदी पर तेनुघाट बांध बनायेगी और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

**सिंचाई और विद्युत् मंत्री (डा० कु० ल० राव)** : जी, हां । चूंकि दामोदर घाटी निगम का पुनर्गठन सम्बन्धी प्रस्ताव विचाराधीन है, अत: तेनुघाट बांध के निर्माण का कार्य बिहार सरकार को, जिसके क्षेत्राधिकार में यह परियोजना स्थित है, सौंपा गया है ।

**अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा निधि**

331. **श्री तन सिंह** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा निधि के आय के मुख्य स्रोत क्या हैं और इसमें भारत का कितना अंश है;

(ख) क्या कोष के आय के स्रोतों को बढ़ाने का निर्णय किया गया है; और

(ग) इस वृद्धि का भारत पर कितना वित्तीय भार पड़ेगा ?

**वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी)** : (क) निधि की आय के मुख्य स्रोत सदस्य देशों द्वारा लगाई गई पूंजी—अर्थात् कोटा—तथा उसके विनियोजन से प्राप्त आय हैं ।

30 मार्च, 1964 को निधि की कुल 15,6148 लाख अमरीकी डालर की पूंजी में से भारत का अंश 6000 अमरीकी डालर था ।

(ख) और (ग). अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा निधि अनेक प्रस्तावों पर विचार कर रही है, किन्तु अभी कोई निर्णय नहीं किया गया है ।

---

## अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर ध्यान दिलाना

## CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

**गोंडा के चुनावों में भ्रष्टाचार**

**श्री स० मो० बनर्जी** (कानपुर) : मैं विधि मंत्री का ध्यान निम्नलिखित अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर दिलाता हूं और उन से अनुरोध करता हूं कि वह इस बारे में एक वक्तव्य दें :

> "चुनाव न्यायाधिकरण का निर्णय जिसमें गोंडा चुनाव क्षेत्र से लोक सभा के सदस्य का चुनाव रद्द कर दिया गया है और उक्त चुनाव में भ्रष्टाचार के गम्भीर आरोप लगाये गये हैं ।"

**विधि तथा सामाजिक सुरक्षा मंत्री (श्री अ० कु० सेन) :** 1962 में हुए साधारण निर्वाचनों में श्री राम रतन गुप्त उत्तर प्रदेश राज्य के 34 गोंडा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित घोषित किये गये थे। निर्वाचन का फल मतों की पुनः संगणना के बाद घोषित किया गया था। निर्वाचन में एक उम्मीदवार श्री एन० डांडेकर ने श्री राम रतन गुप्त के निर्वाचन को अनेक आधारों पर प्रश्नास्पद करते हुए निर्वाचन याचिका फाइल की। निर्वाचन न्यायाधिकरण ने, जिसने निर्वाचन याचिका का परीक्षण किया, यह निष्कर्ष दिया कि प्रथम संगणना और पुनः संगणना के बीच 2166 मतपत्र गड़बड़ाये गये। निर्वाचन न्यायाधिकरण के अनुसार 1930 मत, जो प्रथम संगणना में श्री डांडेकर के पक्ष में मान्य मतों के रूप में संगणित किये गये थे, गड़बड़ाने के फलस्वरूप पुनः संगणना में अनुचित रूप से अस्वीकृत कर दिये गये और दो मतों को छोड़कर ये सब के सब 1930 मत श्री डांडेगर के पक्ष में मान्य मतों के रूप में संगणित किये जाने चाहिये थे। इसी प्रकार निर्वाचन न्यायाधिकरण ने निष्कर्ष दिया कि श्री राम रतन गुप्त के पक्ष में डाले गये 236 मत उन मतों से घटा दिये जाने चाहिए थे जो मत कि श्री राम रतन गुप्त के पक्ष में संगणित किये गये थे और वे प्रथम संगणना में उचित रूप से अस्वीकृत किये गये थे। किन्तु प्रथम संगणना के पश्चात् उन्हें मान्य बनाने के लिए वे गड़बड़ाये गये और पुनः संगणना में मान्य मतों के रूप में संगणित किये गये। इन निष्कर्षों को देखते हुए श्री एन० डांडेकर द्वारा फाइल की गयी निर्वाचन याचिका स्वीकार की गयी, श्री राम रतन गुप्त का निर्वाचन शून्य घोषित कर दिया गया और अपास्त कर दिया गया तथा श्री एन० डांडेकर को सम्यक्तः निर्वाचित घोषित कर दिया गया।

अपने निर्णय में निर्वाचन न्यायाधिकरण ने कहा है कि गोंडा के जिला मजिस्ट्रेट श्री सी० एम० निगम, जो उस निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचन पदाधिकारी थे, भ्रष्ट उपायों से निर्वाचन में श्री राम रतन गुप्त को सफल बनाने के साधन थे। निर्वाचन न्यायाधिकरण ने निम्नलिखित पांच अन्य पदाधिकारियों को भी इस मामले से सम्बन्धित बताया है :—

1. श्री आर० बी० जौहरी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, गौंडा
2. श्री ए० एस० मिश्र, सहायक निर्वाचन पदाधिकारी, गौंडा पूर्व और गौंडा पश्चिम खंड
3. श्री कृष्ण माधो सरन, कोषाध्यक्ष, गौंडा
4. श्री काली चन्द्र जौहरी, नाजिर, कलक्टोरेट, गौंडा
5. श्री मकबूल हुसैन, निर्वाचन निरीक्षक, गौंडा

निर्वाचन न्यायाधिकरण ने आगे यह राय जाहिर की है कि यह मामला श्री निगम और उपर्युक्त पांच पदाधिकारियों के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 137 के अधीन जांच के लायक मामला है। किन्तु निर्णय में श्री निगम के बारे में यह कहा गया है :—

> "वह श्री राम रतन गुप्त प्रत्युत्तरदाता संख्या 1 को भ्रष्ट उपायों से सफल बनाने के साधन थे और निर्वाचन के बाद नवम्बर 1962 में फैजाबाद के आयुक्त के रूप में पदोन्नति उन्हें विनिमय स्वरूप मिली, यद्यपि पहिले उन्हें अभिष्ठित किया जा चुका था।"

उत्तर प्रदेश सरकार इन कार्यवाहियों में पक्षकार नहीं थी और उपरोक्त कथन से पूर्व उसे सुना भी नहीं गया।

[श्री अ० कु० सेन]

निर्वाचन न्यायाधिकरण ने यह भी निष्कर्ष दिया है कि निर्वाचन पदाधिकारी श्री निगम ने लगातार संगणना द्वारा मतों की पूरी संगणना जानबूझ कर और अवैधतः न करके और मत पत्रों को अलंघ्य अभिरक्षा में रखने में असफल होकर निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के नियम 60 का अतिक्रमण किया और श्री निगम की ओर से पदीय कर्तव्य की भग्नता हुई जिसके फल-स्वरूप मत पत्र गड़बड़ाये गये।

निर्वाचन न्यायाधिकरण के निष्कर्षों और कथनों के आधार पर निर्वाचन आयोग ने विनिश्चय किया है कि इस बात पर विचार करने की दृष्टि से आवश्यक जांचें करवाई जायें कि क्या उपर्युक्त छः पदाधिकारियों में से सभी या किसी के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 129 (उम्मीदवार के निर्वाचन की संभाव्यता को अग्रसर करने के लिये कार्य करना), धारा 134 (निर्वाचनों से संसक्त पदीयक कर्तव्य की भग्नता) और धारा 136 (मत पत्रों को गड़-बड़ाना) के अधीन किये गये अपराधों के लिये अभियोजन संस्थित किया जाय।

उत्तर प्रदेश सरकार श्री निगम के खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाहियां आरम्भ कर चुकी है और उसने उन्हें मुअत्तल कर दिया है।

**श्री स० मो० बनर्जी** : प्रधान मंत्री और उनके सहयोगियों ने न्यायाधिकरण के निर्णय की कड़ी आलोचना की है और आगे कोई कार्यवाही करने से पहले उन्होंने सब संगत रिकार्ड मंगवाये हैं। फिर समाचारपत्रों में कहा गया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त उत्तर प्रदेश गये थे इत्यादि। मैं यह जानना चाहूंगा कि क्या केन्द्रीय सरकार विशेषकर गृह मंत्री कोई उच्च अधिकारों वाला आयोग इस मामले की जांच के लिए स्थापित करेंगे, क्योंकि सब बातें श्री सी० बी० गुप्त के देखते हुए हुई थीं।

**श्री मौर्य** (अलीगढ़) : क्या पुनः गणना करने से पहले उन्होंने श्री निगम से बातचीत की थी ?

**अध्यक्ष महोदय** : शान्ति, शान्ति।

**Shri Maurya** : This means negation of democracy.

**Mr. Speaker** : He should not interrupt like this.

**श्री अ० कु० सेन** : जैसा कि सदन को याद होगा, मैं ने निर्णय को पढ़ा है जिसमें बताया गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 137 के अन्तर्गत मुख्य चुनाव आयुक्त एक जांच आरम्भ कर चुके हैं। वह सब तथ्यों को ध्यान में रखेंगे और यह भी जांच करेंगे कि क्या चुनाव अधिकारी पर कोई राजनैतिक दबाव डाला गया था।

**श्री स० मो० बनर्जी** : मेरा प्रश्न यह है कि क्या निर्णय और मुख्य मंत्री के वक्तव्य के बाद प्रधान मंत्री और उनके सहयोगी सारे मामले की निष्पक्ष जांच करवायेंगे ?

**अध्यक्ष महोदय** : सरकार का कोई दूसरी जांच करवाने का विचार नहीं है।

**श्री हरि विष्णु कामत** (होशंगाबाद): स्वर्गवासी प्रधान मंत्री श्री नेहरू के पत्र के सम्बन्ध में, जिसमें इस चुनाव की मतगणना में गड़बड़ी होने का शक प्रकट किया गया था, क्यों कोई कड़ी कार्यवाही नहीं की गई थी ?

**श्री अ० कु० सेन :** मैं ने श्री नेहरू और श्री शास्त्री दोनों को इस चुनाव से सम्बन्धित आरोपों के बारे में बताया था। इस के बाद श्री नेहरू ने उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री को पत्र लिखा था। इस का उत्तर वहां के मुख्य मंत्री ने प्रकाशित कर दिया है। निष्पक्ष चुनाव न्यायाधिकरण की नियुक्ति से यह प्रकट होता है कि इस मामले में वास्तविक निष्पक्ष जांच करवाने के लिए सरकार का पक्का संकल्प है और जितनी तेजी के साथ कार्यवाही शुरू की गई है उससे पता चलता है कि जिन व्यक्तियों पर शक था उन्हें दंड देने के लिए सरकार उत्सुक है किन्तु यह सारी कार्यवाही निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार होनी चाहिए।

**Shri Yashpal Singh** (Kairana) : Is this Election Commission entitled to probe political matters ?

**Mr. Speaker** : The hon. member should consult the law.

---

## इंडियन एयर लाइन्स कारपोरेशन की विमान सेवाओं के स्थगित किये जाने के बारे में ध्यान दिलाने वाली सूचना के उत्तर में 9 सितम्बर 1964 को सभा पटल पर रखे गये वक्तव्य के बारे में प्रश्न

## QUESTIONS IN RESPECT OF CALLING ATTENTION STATEMENT RE. SUSPENSION OF I.A.C. SERVICES LAID ON THE TABLE ON 9-9-1964

**अध्यक्ष महोदय :** अब मैं उस ध्यान दिलाने वाली सूचना के सम्बन्ध में दिये गये वक्तव्य के बारे में, जो कल सभा-पटल पर रखा गया था, प्रश्न करने की अनुमति देता हूं।

**श्री हरिश्चन्द्र माथुर** (जालोर) : क्या माननीय मंत्री बतायेंगे कि प्रति दिन इन सेवाओं को बन्द कर देने से क्या हानि होती है और क्या यह हानि केवल विमान चालकों के रवैये के कारण है या इस के लिये उपक्रम के प्रबन्धक उत्तरदायी हैं ?

**असैनिक उड्डयन मंत्री (श्री कानूनगो) :** सेवायें बन्द करने से होने वाली हानि का अनुमान नहीं लगाया गया।

**श्री नाथपाई** (राजापुर) : जहां तक चालकों की शिकायतों का सम्बन्ध है, सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिये कि भारत में अन्तर्राष्ट्रीय नियम क्यों लागू नहीं किये गये ?

**श्री कानूनगो :** इस विषय में कोई अन्तर्राष्ट्रीय अधिनियम नहीं है।

भारत में असैनिक उड्डयन निदेशालय के नियम यह हैं कि प्रतिमास उड़ान के अधिकतम घंटे 125 होने चाहियें। प्रत्येक देश में उड़ान का समय भिन्न भिन्न है। प्रतिदिन और प्रति सप्ताह की उड़ान सीमा के बारे में तय करना पड़ता है। चूंकि निगम और विमान चालकों के बीच कोई समझौता नहीं हो सका यह मामला न्यायधिकरण को सौंपा गया है। इस बीच कुछ सबूत इस बात का भी मिल रहा है कि चालक इस मामले पर पुनर्विचार करने के लिये तैयार हैं। तदनुसार उनको विभाग के सचिव के साथ बातचीत करने के लिये बुलाया गया है।

**श्री वासुदेवन नायर** (अम्बलपुज़ा) : क्या माननीय मंत्री ने अपनी संतुष्टि कर ली है कि प्रबन्धकों ने झगड़े को निपटाने की सब कोशिशें कर ली थीं ?

श्री कानूनगो : जैसा कि मैंने कहा है सरकार ने चालकों से कहा है कि वह इस के साथ बातचीत करें ।

**श्री स० मो० बनर्जी** (कानपुर) : क्या श्री राज बहादुर ने आयोग स्थापित करने का जो आश्वासन दिया था, वह पूरा किया जायेगा ?

**श्री कानूनगो** : इस समय नहीं । एक समय पर दो प्रकार की जांच नहीं की जा सकती ।

**प्रधान मंत्री तथा अणुशक्ति मंत्री (श्री लाल बहादुर शास्त्री)** : न्यायाधिकरण के अतिरिक्त सरकार, असैनिक उड्डयन मंत्री और वित्त मंत्री इस मामले में व्यक्तिगत रूप से रुचि ले रहे हैं और वे स्वयं विमान चालको के साथ उनकी मांगों के बारे में बातचीत करेंगे । उनका विश्वास है, यह सर्वोत्तम प्रक्रिया है और इस के परिणाम अच्छे निकलेंगे ।

**श्री हेम बरुआ** (गौहाटी) : क्या सरकार का ध्यान भारतीय वाणिज्यिक चालक संस्था द्वारा लगाये गये आरोपों की ओर दिलाया गया है और क्या उनकी जांच की गई है ?

**श्री कानूनगो** : मैं इन आरोपों के बारे में कोई राय नहीं दे सकता ।

**Shri Bagri** (Hissar) : Mr. Speaker.

**Mr. Speaker :** If the hon. Member wants to know what has happened to his notice, I shall not allow that matter to be raised.

**Shri Bagri :** My point is very important.

**Mr. Speaker :** If it is so, then he may come to me and discuss it with me. **(Interruptions).**

मैं ने माननीय सदस्य से प्रार्थना की है कि वह बैठ जायें ।

---

## सभा पटल पर रखे गये पत्र

## PAPERS LAID ON THE TABLE

### समवाय अधिनियम के अन्तर्गत अधिसूचना

**योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत)**: मैं समवाय अधिनियम 1956 की धारा 620क की उपधारा (3) के अन्तर्गत दिनांक 13 जून, 1964 की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 853 की एक प्रति पटल पर रखता हूं । **[पुस्तकालय में रखी गयी। देखिए संख्या (एल०टी०—3035/64]**

### जनपथ होटल्स लिमिटेड के ज्ञापन तथा अन्तर्नियम

### अचल सम्पत्ति अधिग्रहण और अर्जन अधिनियम के अन्तर्गत अधिसूचना

**निर्माण और आवास मंत्री (श्री मेहर चन्द खन्ना)** : मैं निम्नलिखित पत्रों की एक एक

प्रति पटल पर रखता हूं :—

(एक) जनपथ होटल्स लिमिटेड के ज्ञापन तथा अन्तर्नियम ।

**[पुस्तकालय में रखी गई । देखिए संख्या एल०टी०—3036/64]**

(दो) (क) अचल सम्पत्ति का अधिकरण और अर्जन अधिनियम, 1952 की धारा 17 की उप-धारा (2) के अन्तर्गत दिनांक 3 अगस्त, 1957 की अधिसूचना संख्या एस० आर० ओ० 2519 ।

(ख) उपर्युक्त अधिसूचना को पटल पर रखने में बिलम्ब होने के कारण बताने वाला विवरण । **[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल० टी०—3037/64]**

**दिल्ली विकास प्राधिकार (वार्षिक लेखे का तैयार किया जाना) नियम तथा लेखा परीक्षा प्रतिवेदन सहित दिल्ली विकास प्राधिकार के प्रमाणित लेखे**

**सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री श्यामधर मिश्र) :** मैं डा० सुशीला नायर की ओर से, निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं :—

(एक) दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 की धारा 58 के अन्तर्गत दिनांक 19 जून, 1964 की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 917 में प्रकाशित दिल्ली विकास प्राधिकार (वार्षिक लेखे का तैयार किया जाना) नियम 1964 । **[पुस्कतालय में रखी गई। देखिये संख्या एल०टी०—3038/64]**

(दो) दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 की धारा 25 की उप-धारा (4) के अन्तर्गत दिल्ली विकास प्राधिकार के वर्ष 1962–63 के प्रमाणित लेखे, लेखा परीक्षा रिपोर्ट सहित । **[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल०टी०—3039/64]**

**स्थायी सिन्धु आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन**

**श्री श्यामधर मिश्र :** डा० कु० ल० राव की ओर से, मैं 31 मार्च, 1964 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिये स्थायी सिंधु आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति पटल पर रखता हूं :—

**[पुस्तकालय में रखी गई । देखिये संख्या एल०टी०—3040/64]**

**केन्द्रीय उत्पादन शुल्क तथा नमक अधिनियम, सीमा शुल्क अधिनियम, अनिवार्य बचत योजना अधिनियम, बंगाल वित्त (बिक्री कर) अधिनियम, दानकर अधिनियम, व्यय कर अधिनियम, सम्पदा शुल्क अधिनियम, आय-कर अधिनियम, समवाय (लाभ) अधिकर अधिनियम तथा अधिलाभ कर अधिनियम के अन्तर्गत अधिसूचनायें**

**श्री ब० रा० भगत :** मैं (क) सीमा शुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क निर्यात प्रत्याहृत (सामान्य) नियम, 1960 में कुछ और संशोधन करने वाली सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 159 और केन्द्रीय उत्पादन शुल्क तथा नमक अधिनियम, 1944 की धारा 38

के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं को एक-एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं :—

(एक) दिनांक 23 मई, 1964 की जी० एस० आर० 773

(दो) दिनांक 30 मई, 1964 की जी० एस० आर० 795

(तीन) दिनांक 30 मई, 1964 की जी० एस० आर० 796

(चार) दिनांक 30 मई, 1964 की जी० एस० आर० 797

(पांच) दिनांक 30 मई 1964 की जी० एस० आर० 798

(छः) दिनांक 30 मई, 1964 की जी० एस० आर० 799

(सात) दिनांक 30 मई, 1964 की जी० एस० आर० 800

(आठ) दिनांक 20 जून, 1964 की जी० एस० आर० 871

(नौ) दिनांक 30 जून, 1964 की जी० एस० आर० 872

(दस) दिनांक 20 जून, 1964 की जी० एस० आर० 873

(ग्यारह) दिनांक 20 जून, 1964 की जी० एस० आर० 874

(बारह) दिनांक 27 जून, 1964 की जी० एस० आर० 906

(तेरह) दिनांक 4 जुलाई, 1964 की जी० एस० आर० 941

(चौदह) दिनांक 11 जुलाई, 1964 की जी० एस० आर० 984

(पन्द्रह) दिनांक 18 जुलाई, 1964 की जी० एस० आर० 1014

(सोलह) दिनांक 18 जुलाई, 1964 की जी० एस० आर० 1015

(सत्रह) दिनांक 18 जुलाई, 1964 की जी० एस० आर० 1016

(अट्ठारह) दिनांक 18 जुलाई, 1964 की जी० एस० आर० 1017

(उन्नीस) दिनांक 25 जुलाई, 1964 की जी० एस० आर० 1049

(बीस) दिनांक 1 अगस्त, 1964 की जी० एस० आर० 1087

(इक्कीस) दिनांक 1 अगस्त, 1964 की जी० एस० आर० 1088

(बाईस) दिनांक 1 अगस्त, 1964 की जी० एस० आर० 1089

(तेईस) दिनांक 1 अगस्त, 1964 की जी० एस० आर० 1090

(चौबीस) दिनांक 1 अगस्त, 1964 की जी० एस० आर० 1091

(पच्चीस) दिनांक 8 अगस्त, 1964 की जी० एस० आर० 1112

(छब्बीस) दिनांक 8 अगस्त, 1964 की जी० एस० आर० 1113

**[पुस्तकालय में रखी गईं। देखिये संख्या एल०टी०—3041/64]**

(ख) सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 159 और केन्द्रीय उत्पादन शुल्क और नमक अधिनियम, 1944 की धारा 38 के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति :—

(एक) दिनांक 1 अगस्त, 1964 की जी० एस० आर० 1092

(दो) दिनांक 8 अगस्त, 1964 की जी० एस० आर० 1114

**[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल०टी०—3042/64]**

(ग) केन्द्रीय उत्पादन शुल्क और नमक अधिनियम, 1944 की धारा 38 के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति :—

(एक) दिनांक 23 मई, 1964 की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 779 में प्रकाशित केन्द्रीय उत्पादन शुल्क (छठा संशोधन) नियम, 1964।

(दो) दिनांक 11 जुलाई, 1964 की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 982 में प्रकाशित केन्द्रीय उन्पादन शुल्क (सातवां संशोधन) नियम, 1964।

(तीन) दिनांक 1 अगस्त, 1964 की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 1093 में प्रकाशित केन्द्रीय उन्पादन शुल्क (आठवां संशोधन) नियम, 1964।

**[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल०टी०—3043/64]**

(घ) सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 159 के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति :—

(एक) दिनांक 23 मई, 1964 की जी० एस० आर० 774

(दो) दिनांक 23 मई, 1964 की जी० एस० आर० 776

(तीन) दिनांक 30 मई, 1964 की जी० एस० आर० 801

(चार) दिनांक 30 मई, 1964, की जी० एस० आर० 802

(पांच) दिनांक 30 मई, 1964 की जी० एस० आर० 803

(छः) दिनांक 30 मई, 1964 की जी० एस० आर० 804

(सात) दिनांक 30 मई, 1964 की जी० एस० आर० 805

(आठ) दिनांक 6 जून, 1964 की जी० एस० आर० 830

(नौ) दिनांक 6 जून, 1964 की जी० एस० आर० 832

(दस) दिनांक 6 जून, 1964 की जी० एस० आर० 833

(ग्यारह) दिनांक 13 जून, 1964 की जी० एस० आर० 852

(बारह) दिनांक 20 जून, 1964 की जी० एस० आर० 875

(तेरह) दिनांक 27 जून, 1964 की जी० एस० आर० 902

(चौदह) दिनांक 27 जून, 1964 की जी० एस० आर० 903

(पन्द्रह) दिनांक 27 जून, 1964 की जी० एस० आर० 904

(सोलह) दिनांक 27 जून, 1964 की जी० एस० आर० 907

(सत्रह) दिनांक 30 जून, 1964 की जी० एस० आर० 952

(अट्ठारह) दिनांक 30 जून, 1964 की जी० एस० आर० 953

(उन्नीस) दिनांक 11 जुलाई, 1964 की जी० एस० आर० 983

(बीस) दिनांक 11 जुलाई, 1964 की जी० एस० आर० 1004

(इक्कीस) दिनांक 18 जुलाई, 1964 की जी० एस० आर० 1009

(बाईस) दिनांक 18 जुलाई, 1964 की जी० एस० आर० 1010

(तेईस) दिनांक 18 जुलाई, 1964 की जी० एस० आर० 1011

(चौबीस) दिनांक 18 जुलाई, 1964 की जी० एस० आर० 1012

(पच्चीस) दिनांक 18 जुलाई, 1964 की जी० एस० आर० 1013

(छब्बीस) दिनांक 25 जुलाई, 1964 की जी० एस० आर० 1048

(सत्ताईस) दिनांक 1 अगस्त, 1964 की जी० एस० आर० 1085

(अट्ठाईस) दिनांक 1 अगस्त, 1964 की जी० एस० आर० 1086

(उन्तीस) दिनांक 8 अगस्त, 1964 की जी० एस० आर० 1115

**[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल०टी०—3044/64]**

(ङ) अनिवार्य बचत योजना अधिनियम, 1963 की धारा 16 के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति :—

(एक) दिनांक 24 जून, 1964 की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 927 में प्रकाशित अनिवार्य बचत (आय-कर दाता) दूसरा संशोधन योजना, 1964।

(दो) दिनांक 14 अगस्त, 1964 की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 1157 में प्रकाशित अनिवार्य बचत (आय कर दाता) तीसरा संशोधन योजना, 1964 **[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल०टी०—3045/64]**

(च) निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति :—

(एक) दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र में लागू बंगाल वित्त (बिक्री कर) अधिनियम 1941 की धारा 26 की उपधारा (4) के अन्तर्गत, दिल्ली बिक्री कर नियम, 1951 में और कुछ संशोधन करने वाली दिनांक 7 मई, 1964 के दिल्ली गजट में प्रकाशित अधिसूचना संख्या एफ० 4 (33)/62 फिन (ई) **[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल०टी०—3046/64]**

(दो) दानकर अधिनियम, 1958 की धारा 46 की उपधारा (4) के अन्तर्गत दिनांक 26 जून, 1964 की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 928 में प्रकाशित दानकर (संशोधन) नियम, 1964। **[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल०टी०—3047/64]**

(तीन) व्यय कर अधिनियम, 1957 की धारा 41 की उपधारा (3) के अन्ततर्ग दिनांक 26 जून, 1964 की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 929 में प्रकाशित व्यय कर (संशोधन) नियम, 1964

**[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल०टी०—3048/64]**

(चार) सम्पदा शुल्क अधिनियम, 1953 की धारा 85 की उपधारा (3) के अन्तर्गत दिनांक 30 जून, 1964 की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 954 में प्रकाशित सम्पदा शुल्क (दूसरा संशोधन) नियम, 1964 ।

**[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल०टी०—3049/64]**

(पांच) आय कर अधिनियम, 1961 की धारा 295 के अन्तर्गत दिनांक 28 जुलाई, 1964 की अधिसूचना संख्या एस० ओ० 2567 में प्रकाशित आयकर (तीसरा संशोधन) नियम, 1964 ।

**[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल०टी०—3050/64]**

(छः) दिनांक 1 अगस्त, 1964 की अधिसूचना संख्या एस० ओ० 2663 में प्रकाशित आयकर (निर्यात लाभ का निर्धारण) नियम, 1964 ।

**[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल०टी०—3051/64]**

(सात) कम्पनीज़ (लाभ) अधिकर अधिनियम, 1964 की धारा 25 की उपधारा (3) के अन्तर्गत दिनांक 1 अगस्त, 1964 की अधिसूचना संख्या एस० ओ० 2664 में प्रकाशित कम्पनीज़ (लाभ) अधिलाभ नियम, 1964 ।

**[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल०टी०—3052/46]**

(आठ) अधिलाभ कर अधिनियम, 1963 की धारा 26 की उपधारा (3) के अन्तर्गत दिनांक 1 अगस्त, 1964 का एस० ओ० 2665।

**[पुस्तकालय में रखी गई। देखियें संख्या एल०टी०—3053/64]**

## पंचवर्षीय योजना प्रचार सम्बन्धी अध्ययन दल का प्रतिवेदन

**श्री श्यामधर मिश्र :** मैं श्री चे० रा० पट्टाभिरामन की ओर से पंचवर्षीय योजना प्रचार सम्बन्धी अध्ययन दल के प्रतिवेदन की एक प्रति पटल पर रखता हूं ।

**[पुस्तकालय में रखी गई। देखियें संख्या एल०टी०—3054/64]**

## लोहा तथा इस्पात उद्योग सम्बन्धी केन्द्रीय मजूरी बोर्ड की सिफारिशों के बारे में सरकारी संकल्प

**श्रम और रोजगार मंत्रालय में उपमंत्री (श्री र० कि० मालवीय) :** मैं केन्द्रीय लोहा तथा इस्पात उद्योग सम्बन्धी मजूरी बोर्ड द्वारा और अधिक अन्तरिम मजूरी वृद्धि के लिये उसकी सिफारिशों के सम्बन्ध में दिनांक 8 सितम्बर, 1964 के सरकारी संकल्प संख्या, डब्ल्यु० बी०—11(4)/64 की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं **[पुस्तकालय में रखी गई। देखिये संख्या एल०टी०—3055/64]**

## विधेयक पर राय

## OPINIONS ON BILL

**अध्यक्ष महोदय :** श्री श्रीनारायण दास : माननीय सदस्य उपस्थित नहीं हैं।

---

**प्रत्यक्ष कर (संशोधन) विधेयक**

**योजना मंत्री (श्री ब० रा० भगत) :** श्री ति० त० कृष्णमाचारी की ओर से, मैं प्रस्ताव करता हूं कि प्रत्यक्ष करों सम्बन्धी कुछ विधियों में अग्रेतर संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये।

**अध्यक्ष महोदय :** प्रश्न यह है :

"कि प्रत्यक्ष करों सम्बन्धी कुछ विधियों में अग्रेतर संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये।"

**प्रस्ताव स्वीकृत हुआ**

**The motion was adopted**

**श्री ब० रा० भगत :** मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

---

## खाद्य स्थिति के बारे में प्रस्ताव--जारी

## MOTIN RE : FOOD SITUATION

**अध्यक्ष महोदय :** अब सदन 7 सितम्बर, 1964 को श्री चि० सुब्रह्मण्यम द्वारा प्रस्तावित निम्न प्रस्ताव पर आगे चर्चा करेगा। अर्थात्

"कि देश की खाद्य स्थिति पर विचार किया जाये।"

**श्री नम्बियार** (तिरुचिरापल्ली) : कल मैं कह रहा था कि अब अमरीका ने यह मांग की है कि पी० एल० 480 के अन्तर्गत दिये जाने वाले खाद्यान्न सम्बन्धी समझौते में परिवर्तन किया जाये। अब वह चाहता है कि सारी अदायगी रुपयों में की जाये या गल्ला वापस किया जाये। एसी हालत में हमारे लिये बहुत कठिनाई हो जायेगी। इस लिये मैं सरकार से कहता रहा हूं कि पी० एल० 480 आयात कम की जाये और हमारा अपना उत्पादन बढ़ाया जाये।

ग्रामीण विकास कार्यों के सम्बन्ध में, मेरा अनुभव यह है कि हमारे प्रदेश और जिले में छोटी सिंचाई योजनाओं की ओर उचित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पंजाब में बाढ़ द्वारा फसलों के नष्ट हो जाने की समस्या है। प्रतिवर्ष हमें बाढ़ों से 35 करोड़ रुपये के खाद्यान्न की हानि होती है। यदि आयात पर रुपया खर्च करने की बजाय राज्यों में बाढ़ नियन्त्रण योजनाएं चालू की जाये, तो हमें अपने संसाधनों के अधिक खाद्यान्न मिल सकेगा।

मालूम होता है कि सरकार भूमि सुधार कार्यक्रम को क्रियान्वित रखने में गम्भीरता से काम नहीं ले रही है। क्या श्री सुब्रह्मण्यम यह बतायेंगे कि भूमि सुधार के बारे में क्या कदम उठाये जायेंगे, क्योंकि इसके बिना देश में पर्याप्त खाद्यान्न पैदा नहीं किया जा सकता। मद्रास राज्य के सम्बन्ध में एक अमरीकी विशेषज्ञ दल ने कहा है कि वहां कोई भूमि सुधार का काम नहीं किया गया, जिस से कि खाद्यान्न का उत्पादन बढ़ सके। जब तक कि भूमि सुधार कार्यक्रम को क्रियान्वित नहीं किया जाता हमारे किसानों को अधिक उत्पादन करने की प्रेरणा नहीं मिल सकेगी।

## विधेयक पर राय

## OPINIONS ON BILL

**श्री श्रीनारायण दास** (दरभंगा) : मैं भारत के संविधान में कुछ और संशोधन करने वाले विधेयक पर, जिसे सभा के निदेश से 22 नवम्बर, 1963 को राय जानने के लिये परिचालित किया गया था, पत्र संख्या 1 सभा पटल पर रखता हूं।

## खाद्य स्थिति के बारे में प्रस्ताव—जारी

## MOTION RE: FOOD SITUATION

**श्री हिम्मतसिंहका (गोड्डा)** : देश में खाद्यान्न उत्पादन निरन्तर बढ़ता रहा है और कृषि भूमि में भी वृद्धि हुई है। प्रति एकड़ उत्पादन में भी वृद्धि हुई है। 1962–63 और 1963–64 के वर्षों में उत्पादन कुछ कम हुआ है क्योंकि प्रकृति ने हमरा साथ नहीं दिया। उत्पादन में हुई वृद्धि के बावजूद हम दश की मांग पूरी नहीं कर सके हैं और इसीलिये हम पिछले कई वर्षो से बाहर से नाज मंगाते रहे हैं। दूसरी बात जो ध्यान में रखी जानी चाहिये वह यह है कि 1950 के पश्चात् मोटे अनाज के उपभोक्ताओं की संख्या में निरन्तर कमी होती रही है क्योंकि लोगों को चावल तथा गेहूं अनाज की सस्ती दुकानों से उचित कीमतों पर मिलता रहा है। अन्न की खपत भी पहले के मुकाबले बढ़ गई है और माल को जमा करके रखने की प्रवृत्ति पहले की अपेक्षा अधिक हो गई है। इसलिये अनाज बाजार में न आने के कारण लोगों की मांग पूरी नहीं की जा सकी है।

श्री हीरेन मुकर्जी का यह कहना है कि जमाखोरों की वजह से यह स्थिति उत्पन्न हुई है ठीक नहीं है। उत्तर प्रदेश में अनाज गोदामों पर छापे मारे जाने के परिणामस्वरूप अनाज जितनी मात्रा में मिला है उस से यह बात स्पष्ट हो जाती है कि। यह सुझाव दिया गया है कि सरकार अनाज का व्यापार अपने हाथ में ले ले, परन्तु क्या एसा करने से उत्पादन बढ़ जायेगा? बैंकों के राष्ट्रीयकरण की भी बात कही जाती है। विरोधी दलों के सदस्यों को यह मालूम होना चाहिये कि रिजर्व बैंक को इस बारे में काफी अधिकार प्राप्त हैं, कि नीजी बैंक किसी विशेष वस्तु के संग्रह के लिये लोगों को ऋण न दे। इसलिये उनका यह सुझाव निराधार है। अपितु वर्तमान व्यवस्था का यह लाभ है कि सरकार के पास जानकारी होती है कि अमुक अमुक व्यक्तियों के पास स्टाक जमा हैं और वह उन स्टाकों को जब भी जाहे प्राप्त कर सकती है क्योंकि एसे व्यक्तियों को कुछ काल के बाद सरकार को अपने स्टाकों के बारे में पूरी जानकारी देनी पड़ती है।

अनाज का राज्य व्यापार आसान मामला नहीं है । इसके लिये बहुत बड़े स्टाक तथा काफी विभागीय कर्मचारियों की आवश्यकता होगी । हां, सरकार द्वारा अनाज प्राप्त करके अभाव वाले क्षेत्रों को देने में कोई आपत्ति की बात नहीं है जैसा कि सरकार अब कर रही है । जहां तक पर्याप्त संभरण कर दिया जाता है वहां पर कोई गड़बड़ नहीं होती है । आवश्यकता केवल उत्पादन बढ़ाने की है । सदस्यों को यह बात ध्यान में रखनी चाहिये कि "होर्डिंग" और "होल्डिंग" में बहुत अन्तर है । बैंकों से प्राप्त ऋण से जो माल खरीदा जाता है वह "होल्डिंग" के अन्तर्गत आता है जब कि "होर्डिंग" का अर्थ गैरकानूनी ढंग से जमाखोरी करना है ।

उत्पादन बढ़ाने के लिये सरकार को छोटी तथा मध्यम सिंचाई योजनाओं की कार्यान्विति की ओर अधिक ध्यान देना चाहिये। उर्वरकों का उत्पादन भी बढ़ाया जाना चाहिये। और किसानों को आधुनिक उपकरण तथा अच्छे बीज आसानी से उपलब्ध किये जाने चाहियें ताकि वे उनका प्रयोग करने में रुचि ले सकें । जन संख्या को नियंत्रण में रखना सब से महत्वपूर्ण बात है । हमारे देश में दूसरे देशों की तुलना में प्रति एकड़ उत्पादन बहुत कम है । यदि हम उस में 15 से 20 प्रतिशत वृद्धि कर लें तो हमारी सब समस्यायें हल हो जायेंगी ।

